दैनिक
भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा
RNI.UPHIN/2021/84495
जय खेड़ापति सरकार
# नवनीत एक्सप्रेस
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष - 06 अंक-173 संपादक - उत्तम कुमार दुबे | झांसी,शुक्रवार 25 जुलाई 2025 | Email ID navneetexpress33@gmail.c | पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

## प्रमुख संक्षिप्त

### बिहार में अभी तक 61 लाख मतदाता नहीं मिले - चुनाव आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि बिहार में अभी तक 61.1 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो नहीं मिले है। ऐसे में इन्हें हटाया जा सकता है। यह बदलाव आने वाले 2025 विधानसभा चुनावों पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है। चुनाव आयोग के अनुसार अब तक 99प्रतिशत मतदाताओं तक आयोग पहुंचा है। कुल 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 7.21 करोड़ ने नामांकन फॉर्म जमा कर दिए हैं और उनका डिजिटलीकरण हो चुका है। केवल 7 लाख मतदाताओं ने अभी तक अपने फॉर्म नहीं लौटाए हैं। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार औसतन बिहार की 243 विधानसभा सीटों में प्रति क्षेत्र 25,144 नाम हट सकते हैं। इसका बिहार में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव पर भी असर पड़ेगा।

### बस खाई में गिरी,8 की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में गुरुवार सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से 25 यात्री घायल हुए। एसपी मंडी ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घायलों को स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से खाई से निकालकर सरकाघाट अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बस गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जामनी से सरकाघाट की ओर आ रही थी। इस दौरान सरकाघाट-जमनी-दुर्गापुर सडक़ पर मसेरन तालगरा के पास अचानक बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई।

### गुरुग्राम में 8 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की जांच के दौरान आठ बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन लोगों ने जो भारतीय दस्तावेज दिखाए, वे जांच में फर्जी पाए गए। अब इन्हें उनके देश वापस भेजने (डिपोर्ट करने) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी करीब 200 और संदिग्ध लोगों की जांच चल रही है, जिनमें और भी बांग्लादेशी नागरिक मिलने की आशंका है। यह पूरा अभियान गृह मंत्रालय के आदेश पर चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस एक महीने से दस्तावेजों की जांच कर रही है। संदिग्धों को पकडक़र होल्डिंग सेंटर भेजा जा रहा है और उनके कागज संबंधित जिलों के डीएम और एसपी से वेरिफाई कराए जा रहे हैं। जिनके दस्तावेज सही मिलते हैं, उन्हें छोड़ दिया जाता है, लेकिन जिनके फर्जी मिलते हैं, उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।

### फर्जी दूतावास चलाने वाला हर्षवर्धन जैन तांत्रिक चंद्रास्वामी से प्रभावित

लखनऊ। गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाकर लोगों को ठगने वाले हर्षवर्धन जैन को यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गाजियाबाद के कविनगर इलाके में उसके किराए के मकान से हुई है। आरोपी जैन खुद को इन काल्पनिक देशों का कॉन्सुल या एम्बेसडर बताता था। वह लोगों को विदेशों में नौकरी और बिजनेस डील दिलाने का झांसा देकर पैसे ऐंठता था। उसका यह ठगी का नेटवर्क सात साल तक सक्रिय रहा। पुलिस के अनुसार, हर्षवर्धन जैन का विवादित धर्मगुरु और तांत्रिक चंद्रास्वामी और अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर अदनान खशोगी से भी पुराना संबंध रहा है। साल 2011 में भी जैन पर थाने में अवैध सैटेलाइट फोन रखने का मामला दर्ज हुआ था। चंद्रास्वामी, जो पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के करीबी माने जाते थे, उनका विवादों से गहरा नाता रहा है और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।
पुलिस ने बताया कि हर्षवर्धन लोगों को प्रभावित करने और ठगी करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य नामी हस्तियों के साथ एडिट की गई तस्वीरों का इस्तेमाल करता था।उसके पास से फर्जी विदेश मंत्रालय की मुहर, प्रेस कार्ड और विभिन्न देशों की सील भी बरामद की गई है।

# अखिलेश की मस्जिद में सियासी बैठक सीएम योगी की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

## तो 2027 के लिए सेट हो गया हरा बनाम भगवा वाला टोन?

लखनऊ.

देश का सबसे बड़ा सियासी सूबा उत्तर प्रदेश, एक बार फिर धार्मिक और राजनीतिक रंगों में रंगता दिख रहा है. समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की संसद के पास एक मस्जिद में अपने सांसदों के साथ बैठक की तस्वीर ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है. वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर हिंदुत्व के एजेंडे को मजबूती दे रही है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सियासी टोन सेट करने की शुरुआत है, जहां 'हरा' और 'भगवा' के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी.23 जुलाई को अखिलेश यादव और सपा सांसदों-मोहिबुल्ला नदवी, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और जिया उर रहमान बर्क की एक मस्जिद में बैठक की तस्वीर वायरल होने के बाद बीजेपी ने इसे सियासी मुद्दा बना लिया. बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीया ने तस्वीर को ग् पर साझा करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश ने संसद के पास मस्जिद में सियासी बैठक की, जो संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश को 'नमाजवादी' कहकर तंज कसा और कहा, ÷संविधान में स्पष्ट है कि धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के




लिए नहीं किया जा सकता. सपा हमेशा संविधान का उल्लंघन करती है.÷बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने डिंपल यादव के परिधान पर भी सवाल उठाए, जिसे सपा ने तूल देने की कोशिश बताया. अखिलेश ने जवाब में कहा, ÷आस्था लोगों को जोड़ती है, लेकिन बीजेपी लोगों में दूरी चाहती है. यह उनकी नकारात्मक सोच है.÷ सपा सांसद डिंपल यादव ने स्पष्ट किया कि यह कोई सियासी बैठक नहीं थी, बल्कि एक सामाजिक मुलाकात थी, जिसमें सपा सांसद और इमाम मोहिबुल्ला नदवी की पत्नी भी मौजूद थीं.

दूसरी ओर, सावन के पवित्र महीने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को भव्य बनाने के लिए कई कदम उठाए. कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा और यात्रा के लिए विशेष व्यवस्थाएं बीजेपी के हिंदुत्व एजेंडे का हिस्सा मानी जा रही हैं. योगी सरकार ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है. बीजेपी नेताओं का कहना है कि यह हिंदू श्रद्धालुओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.पुष्प वर्षा को सपा ने बतावा 'दिखावा'सपा ने इस पर पलटवार करते हुए इसे 'दिखावा' करार दिया. अखिलेश ने कहा, ÷बीजेपी ने 11 साल केंद्र और 9 साल यूपी में शासन किया, लेकिन कांवड़ियों के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की. हम सत्ता में आए तो कांवड़ यात्रा के लिए अलग कॉरिडोर बनाएंगे.÷ सपा ने भी कांवड़ यात्रा में हिस्सा लेकर बीजेपी के 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के आरोपों का जवाब देने की कोशिश की है. सपा सांसद इकरा हसन ने सहारनपुर में कांवड़ शिविर में भोजन परोसा, और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार से कांवड़ यात्रा शुरू की.2027 का सियासी टोनरू 'हरा' बनाम 'भगवा'राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सियासी तकरार 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए माहौल तैयार कर रही है. सपा का 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला और बीजेपी का हिंदुत्व-विकास का मिश्रण यूपी की सियासत को धार्मिक और सामाजिक रंग दे रहा है. अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण जैसे कदमों से हिंदुत्व के मैदान में भी बीजेपी को चुनौती देने की कोशिश की है. वहीं, योगी सरकार के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास, जैसे अयोध्या, काशी और मथुरा में कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स, बीजेपी के सियासी आधार को मजबूत कर रहे हैं.सपा की रणनीति और बीजेपी का जवाब2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने बीजेपी को कड़ी टक्कर दी थी, जिसमें सपा ने 37 सीटें जीतीं और बीजेपी का आंकड़ा 33 पर सिमट गया. अखिलेश अब 'पीडीए' रणनीति को और तेज कर रहे हैं, जिसमें गैर-यादव ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं को जोड़ने पर जोर है. दूसरी ओर, बीजेपी योगी के नेतृत्व में हिंदुत्व और विकास के दोहरे एजेंडे पर चल रही है. सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, ÷हमारी पार्टी एकता की राजनीति करती है, न कि विभाजन की. बीजेपी धार्मिक मुद्दों को भुनाने की कोशिश कर रही है.÷ वहीं, बीजेपी नेताओं का कहना है कि सपा का मस्जिद में बैठक करना वोटबैंक की राजनीति का हिस्सा है.

फिर भारत के खिलाफ ट्रंप का कदम

## गूगल और माइक्रोसॉफ्ट से कहा- मत करो इंडिया से हायरिंग

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है, जिसमें भारत समेत दूसरे देशों से हायरिंग करने को मना किया है। इसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा जैसे नाम शामिल हैं। बुधवार को वॉशिंगटन में आयोजित एआई समिट के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को ये संदेश दिया है। साथ ही अमेरिकी टैलेंट को हायरिंग करने की भी सलाह दी है।



यहां आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में बहुत से कर्मचारी यहां तक कि सीईओ तक के पोस्ट पर कई भारतीय मूल के लोग पहुंच चुके हैं। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में मेटा ने भी एक बड़ी एआई टीम की हायरिंग की है, जिसमें कई भारतीय नाम शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एआई समिट के दौरान के दौरान टेक इंडस्ट्री में ग्लोबल माइंडेस्ट की आलोचना की। उन्होंने आगे कहा कि इस वजह से कई अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी टैलेंट को इग्नोर किया जा रहा है।

## राहुल बोले- चुनाव आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी की

नई दिल्ली।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिविजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी करवाई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में



जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

### 2006 ट्रेन धमाके के आरोपियों को मिली थी राहत

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। महाराष्ट्र सरकार ने इस फैसले के खिलाफ 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ट्रेन ब्लास्ट केस में 13 लोग आरोपी थे। 12 सभी रिहा हो गए हैं। एक आरोपी की मौत हो गई है। सीरियल ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड



मुंबई।

प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई है। यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को की गई ये रेड दिल्ली और मुंबई में चली। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 17 के तहत की गई। ये कार्रवाई सीबीआई की ओर से दर्ज दो एफआईआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। मामला 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी से जुड़े रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपए के लोन से जुड़ा है।

## अफवाहों पर विराम....2000 से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर टैक्स नहीं

नई दिल्ली।

भारत और दुनिया भर में यूपीआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। चाहे सब्जी वाले को भुगतान करना हो या ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो, ज्यादातर लोग यूपीआई करते हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि यूपीआई के जरिए 2000 से अधिक के लेन-देन पर टैक्स लगेगा। लेकिन अब मोदी सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर इन दावों को पूरी तरह से खारिज किया है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव ने संसद में पूछा था कि क्या सरकार 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने पूछा कि क्या जनता ने इस कदम का विरोध करते हुए कोई प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया है।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष हवाई हमलों और गोलीबारी में अब तक 12 की मौत

बैंकॉक/नोम पेन्ह।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया, जिसमें कम से कम 12 नागरिकों की मौत हो गई। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू



करने का आरोप लगाया है। थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सडक़ पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतको की संख्या बढक़र कुल नौ हो गई है।

### प्राचीन मंदिरों के आसपास हुई झड़पें

गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई।

## रूसी प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश सभी 49 लोगों की मौत

मास्को।

रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है।
लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

### दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब

इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है।



### विमान 63 साल पुराना था

सोवियत संघ ने 1967 में एएन-24 विमान को छोटे इलाकों में उडने के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं, जो 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किलोमीटर तक उड़ान भरती थी। इसके अलावा यह 4 टन तक का वजन (पेलोड) ले जा सकती थी। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों। इतना ही नहीं, अगर विमान का एक इंजन भी खराब हो जाए, तो भी यह टेकऑफ कर सके। अप्रैल 1962 में इसकी टेस्टिंग कामयाब हुई जिसके बाद अक्टूबर 1962 से इस विमान ने यात्रियों को ले जाना शुरू कर दिया। एएन-24 के कुल 1367 विमान बनाए गए। सोवियत संघ में इस विमान का निर्माण 1979 तक जारी रहा, लेकिन इसके बाद भी ये विमान सेवा में बने रहे। आज भी एएन-24 का इस्तेमाल कुछ जगहों पर हो रहा है।

# 45 आगम के रुप में जग विख्यात रहे पूज्य आनन्द सागर सूरीश्वर जी म.सा. : प.पू.आमीपूर्णा श्रीजी म.सा.

## आराधना भवन में पूजन अर्चना कर मनाया गया पूज्य गुरूवर का 151वां जन्म महोत्सव

निज संवाददाता

शिवपुरी- जब भी इस धरती पर किसी महान पुरूष का जन्म होता है तो उसके प्रभावों का अनुसरण भी इस संसार के संसारी प्राणी करते है, अपने जीवन में हमेशा से 45 आगम के रूप में जग विख्यात रहे पूज्य आनन्द सागर सूरीश्वर जी म.सा. यह नाम भी हमें प्रेरणा देता है कि साक्षात ईश्वर समान रूप में 45 आगम के रूप में हमारे घर विराज रहे है, इसलिए अपने घरों को सजाए, द्वार सजाए, दीपक जलाए और परिवार के साथ आगम के आगमन की पूजा-अर्चना कर घर में देवस्थान वाली जगह पर आगम को स्थान दें और सपरिवार नियमिति पूजन करें, निश्चित ही आगम का प्रभाव आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति का वास कराएगा और आध्यात्मिक रूप से जुड़ सकेंगें। 45आगम की इस व्याख्या को अपनी ओजस्वी वाणी में श्रवण कराया प.पू.आमीपूर्णा श्रीजी म.सा. ने जो स्थानीय कोर्ट रोड़ स्थित श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ द्वारा आयोजित चातुर्मास के दौरान पूज्य गुरूवर आनन्द सागर सूरीश्वर जी म.सा. के जन्म महोत्सव पर आयोजित आर्शीवचन में गुरू की महिमा का बखान कर रही थी। इस अवसर पर श्रीसंघ की अन्य साध्वीयां भी मौजूद रही। इस अवसर पर 45आगम को समाज की महिलाओं के द्वारा आकर्षक स्वरूप में सजाया गया और सभी के बीच में श्रीधर्म पूजन के लिए रखा गया। जिससे पूज्य साध्वियों के द्वारा सराहा गया और सूक्ष्माधारी 45आगम की व्याख्या को भी के समक्ष बताया गया।इस अवसर पर पूज्य आनन्द



सागर सूरीश्वर जी म.सा. के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित आर्शीवचन में देते हुए प.पूज्य आमीपूर्णा श्रीजी म.सा. ने बताया कि एक समय जब मॉ यमुना ने स्वप्न देखा देवित्य मान वृषभ आकाश से उतरकर उनके मुख में प्रवेश कर दिया, मध्यरात्रि के अंदर स्वप्न देखा तो मॉ जाग गई और उठकर जाप करने लगे, यहां चौबिहार उपास की आराधना की अन्य धार्मिक क्रिया सुबह तक की गई और ईश्वर से प्रार्थना की मेरी कुक्षी के अंदर जो संतान आए वह केवली क्षमा श्रवण जैसा हो, अगले ही दिन स्वप्न देखा कि 45 चांदी के स्वास्तिक मंदिर के अंदर रखे है, इस स्वप्न को जब उन्होंने अपने गुरू को सुनाया तब गुरूजी ने कहा कि आपको बहुत ही सुंदर स्वप्न आया है आपको जो पुत्र रत्न प्राप्त होगा वह आगम की शान होगा और आपका पुत्र कही ना कहीं 45 से जुड़ा होगा, अमावस्या के दिन जब पूज्य गुरूवर का जन्म हुआ तो जन्म के 40 दिन बाद जब उन्हें मंदिर ले जाया गया तो वहां भी श्रावकों की संख्या भी 45 थी, 45 का नाता पूज्य गुरूवर के साथ जन्म से रहा, आगम का उद्वार करने वाले सागर सूरीश्वर जी म.सा. का नाम आग्मोद्वारक सागर सूरीश्वर जी म.सा. के नाम से जग विख्यात हुए। प्रखर बुद्धि के धनी आचार्य श्री की 45 आगम मुंह जुबानी थे, कौन से पृष्ठ पर क्या अंकित है वह उन्हें सैकेण्डों में बता देते थे, ऐसे गुरूजी का हम समस्त जैन श्रावक-श्राविका मिलकर 151वां जन्मोत्सव मना रहे है यह हम सबका सौभाग्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारंभ मंदिर अध्यक्ष तेजमल सांखला, सचिव विजय पारख एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा गुरूदेव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया तत्पश्चात समाज अध्यक्ष तेजमल सांखला, विजय पारख, धर्मेन्द्र गुगलिया, विनीता पारख, संदीप पारख आदि सहित समाजजनों ने पूज्य गुरूदेव के गुणों पर अपनी-अपनी बात रखी। कार्यक्रम में 45लकी ड्रॉ भी रखे गए जिसे तेजमल सांखला परिवार के द्वारा प्रदाय किए गए। इसके साथ ही 45आगम की किताब प्रत्येक घर में भेजने का लाभ लाभार्थी धर्मेन्द्र गुगलिया परिवार द्वारा लिया गया। आगम यात्रा का लाभ सौभाग्यमल, विजय पारख परिवार ने लिया। कार्यक्रम में सुंदर भजन की प्रस्तुति इंदौर से आए भजन कलाकरों के द्वारा दी गई। सभा का संचालन विजय पारख के द्वारा किया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा लाए गए आगम को सुंदर सजाकर थाली सजाई गई जो सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। समापन के अवसर पर 151 रूपये की संघ पूजा गुप्त लाभार्थी परिवार द्वारा लिया गया।

# निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह 27 जुलाई को

निज संवाददाता

## जिले के मैट्रिक और इंटरमीडिएट /खेलकूद के छात्र किए जाएंगे सम्मानित

शिवपुरी-मांझी समाज शिवपुरी द्वारा 27 जुलाई को परिणय वाटिका में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें जिले के मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्रों और खिलाडियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम शामिल होंगे। युवा समाजसेवी पवन बाथम और हनी बाथम द्वारा बताया गया आगामी 27 जुलाई दिन रविवार को निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर जिले के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर शामिल खिलाडियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन स्थानीय परिणय वाटिका में 11 बजे पूर्वाह्न से किया जाएगा। इसके लिए समाज के सभी छात्र /छात्राओं और खिलाडियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### समाज के छात्र/छात्राओं मे उत्साह

कार्यक्रम को लेकर समाज के छात्र-छात्राओं, खिलाडियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मांझी समाज के द्वारा निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है, इससे एक तरफ जहां बच्चे सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं, वहीं दूसरी तरफ भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं, उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया, वक्ताओं ने सशक्त संगठन पर दिया जोर

## संगठन के राष्ट्रीय मंत्री लालजी शिवहरे ने अगले वर्ष शिवपुरी में स्थापना दिवस आयोजन की घोषणा की

निज संवाददाता

शिवपुरी-राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी राजू भैया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल गोविन्द शिवहरे एवं राष्ट्रीय मंत्री लालजी शिवहरे दादा की गरिमामयी उपस्थित में जगत जननी मां पीतांबरा की नगरी दतिया में बड़े ही हर्षोल्लास से स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर सभी राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श हुए सभी ने संगठन के लिए अपनी-अपनी बातें



रखीं।संगठन के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विपिन शिवहरे ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के स्थापना दिवस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बालगोविंद शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब सन् 62 के चीन से युद्ध में जब भारतीय सेना कमजोर पड़ रही थी, तब इसी दतिया की पावन धरा से युद्ध में विजय के लिए दतिया पीताम्बरा पीठ के स्वामी जी महाराज ने मां पीतांबरा देवी से विजय के लिए प्रार्थना की और मां के विकराल स्वरूप मां धूमावती माई के आशीर्वाद से हम भारतीय लगभग हारते हुए युद्ध में भी अचानक जीत हासिल कर लिये, मां के आशीर्वाद से अचानक ही चीनी सैनिक वापस दुम दबाकर भागते हुए नजर आए। उन्होंने उक्त उदाहरण देकर समझाया कि जब हम इस मां की नगरी से जो संकल्प लेकर निकले हैं तो हम अपने लक्ष्य को जरूर ही हासिल कर लेंगे क्योंकि मां का आशीर्वाद हमारे साथ है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय मंत्री लालजी शिवहरे दादा ने कार्यक्रम के संबोधन में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर अपना वक्तव्य दिया और वर्ष 2026 का अगला स्थापना दिवस भगवान शिव व उनकी नगरी शिवपुरी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, यह घोषणा मंच से की। जिस पर तालियों की गडगड़ाहट के साथ राष्ट्रीय मंत्री लालजी शिवहरे की इस घोषणा को लेकर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम समापन पर आभार राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चन्द्र शुक्ला ने व्यक्त किया।

# भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस, वरिष्ठ नागरिक संघ के निर्वाचन भी संपन्न हुए

## वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की नई में महेंद्र रावत अध्यक्ष एवं विनोद गोस्वामी सचिव तथा राजेश मिश्रा कोषाध्यक्ष बने

निज संवाददाता

शिवपुरी- गत दिवस स्थानीय मातोश्री होटल में भारतीय मजदूर संघ शिवपुरी का 70 वां स्थापना दिवस समारोह कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह तोमर की अध्यक्षता में उत्साह पूर्वक भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू बाथम, अजमेर सिंह यादव, सुनीत कुमार चौहान, जितेंद्र श्रीवास्तव तथा मुख्य वक्ता के रूप





में प्रांतीय सहकुटुंब प्रबोधन प्रमुख राजेश भार्गव मंचासीन रहे।सभी वक्ताओं ने संस्था के 70 में स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में संघ की सेवाओं की सराहना की मुख्य वक्ता राजेश भार्गव ने वर्तमान समय में कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रीय एकता समाजिक चेतना आदि विषयों पर प्रकाश डाला। इसी अवसर पर संस्था के संस्था समरसता प्रमुख अजमेर सिंह यादव ने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें महेंद्र रावत अध्यक्ष घोषित किए गए एवं विनोद गोस्वामी को सचिव तथा राजेश मिश्रा को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। समारोह में सरस काव्य पाठ के माध्यम से रामहेत शर्मा द्वारा संस्था के कार्यों एवं उद्देश्यों का वर्णन किया गया। संचालन का दायित्व कुशल मंच संचालक महावीर मुदगल द्वारा किया गया। अंत में जितेंद्र श्रीवास्तव जिला महामंत्री के आभार प्रदर्शन तथा सभी के स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व विभाग प्रमुख रमेश शिवहरे के साथ बीएमसी से जुड़ी हुई यूनियनों के प्रांतीय पदाधिकारी व बीएमसी की यूनियनों के सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# थाना करैरा पुलिस द्वारा एक बुलेरो गाड़ी एवं 35 पेटी 315 लीटर शराब सहित दो 02 शराब तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के क्रम में थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक सफेद रंग की बुलेरो वाहन क्र. एमपी 33 सी 5947 अबैध शराब लेकर करैरा की तरफ आ रही है। जिस पर करैरा भितरवार रोड खैराघाट प्रतिक्षालय के पास जाकर वाहन चैकिंग प्रारंभ की चैकिंग के दौरान भितरवार रोड तरफ से एक सफेद रंग की बुलेरो वाहन को रोका और चैक किया तो वाहन की सीट पर कुल 35 गत्ते की पेटी देशी मंदिरा प्लेन की प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर कुल 1750 क्वार्टर एंव कुल मात्रा 315 बल्क लीटर कीमती करीबन 122500/- रूपये रखी मिली जिन्हे खोलकर चैक किया तो उनमें देशी मंदिरा प्लेन शराब भरी हुई थी, इस पर बुलेरो चालक सूर्यप्रताप पुत्र ओमप्रकाश लोधी उम्र 23 साल निवासी विजयपुर चौकी खोड थाना भोती जिला शिवपुरी एवं बॉबी पुत्र भगवानदास लोधी उम्र 19 साल निवासी चतुर्भुज मंदिर के पास मनपुरा थाना भोती जिला शिवपुरी का होना बताया। आरोपीगणो से कुल 35 पेटी बरामद की गई। आरोपीगणो का यह कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का होने से थाना करैरा पर अपराध क्रमांक 554/25 धारा 34(2) म.प्र. आबकरी एक्ट का पंजीबध्द किया गया।

# युवा संगम कार्यक्रम का किया गया आयोजन : निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 211 से अधिक युवाओं का किया चयन

## युवा संगम में युवाओं को नशामुक्ति कि दिलाई शपथ, स्वास्थ्य व कौशल विकास की दी गई जानकारी

निज संवाददाता

शिवपुरी- मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर रविन्द्र सिंह चौधरी के निर्देशन में जिले में प्रत्येक चौथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिला चिकित्सालय से टीम द्वारा युवाओं और हितग्राहियो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया कार्यक्रम के दौरान सफल उधमी ने अपने अनुभव शेयर करते हुए इस दौरान जिला व्यापार



उद्योग केंद्र के सहा प्रबंधक विवेक कौशल, आईटीआई प्राचार्य आलोक श्रीवास्तव, जीएटीएम अकादमी से बी. एम. यादव सहित अन्य आधिकारी /कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी गुना बीएस मीना द्वारा किया गया। निजी क्षेत्र की 16 कंपनियों ने लिया भाग, आईएमसी चेयरमैन भूपेन्द्र रावत ने बांटे ऑफर लेटरप्रभारी जिला रोजगार अधिकारी बी. एस. मीना ने बताया कि आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया, इस दौरान कुल 518 युवाओं द्वारा पंजीयन किया गया एवं 244 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन उपरांत 211ऑफर लेटर प्रदान किये गये। आज के कार्यक्रम में आई एम सी चैयरमेन भूपेंद्र सिंह रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे, उपस्थित युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किये गये।नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ, स्वास्थ्य की दी जानकारीइस अवसर पर आईएमसी चेयरमैन भूपेन्द्र रावत ने कहा कि युवा संगम की लोकप्रियता बढ़ती जा रही हैं शासन आदेशानुसार अब युवा संगम में युवक युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के दौरान सामाजिक न्याय विभाग ने नशा से मुक्ति कैसे पाए, इस सम्बन्ध मे जानकारी दीं और उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियाँइस दौरान युवा संग में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें चेकमेट सिक्योरीटी, टीम प्लस एचआर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एनसी सप्लाई प्राइवेट लिमिटेड, अरविंद प्राइवेट लिमिटेड, रक्षा सिक्योरिटी सर्विस लिमिटेड, शिव शक्ति आर्गेनिक लिमिटेड, गोल्डन फारमर सागर, स्किल विजन पीथमपुर, वाय एस एच आर सलूशन उदयपुर, ईगल सिक्योरिटी सर्विस, इसर अकादमी, ज्वाइन फीडम एम्प्लोयीविलिटी, एस आई एस सिक्योरिटी नीमच, आई एफ एफ डी मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन कंपनी शिवपुरी, नविताशिस इंडिया प्रा लि, सहित अन्य कंपनिया शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया।

# आईटीआई विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला आयोजित उद्योगपतियों को किया सम्मानित

निज संवाददाता

शिवपुरी- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शिवपुरी के विद्यार्थियों को उद्योग आधारित व्यावहारिक ज्ञान से जोडने् के उद्देश्य से होटल टूरिस्ट विलेज शिवपुरी में इग्नाइट संस्था द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में आईएमसी के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत, आईटीआई शिवपुरी के प्राचार्य आलोक श्रीवास्तव तथा इग्नाइट दिल्ली से पधारे अधिकारी एवं वरुण शुक्ला शामिल रहे। इग्नाइट संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य शासकीय आईटीआई के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्री के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक अनुभव भी प्राप्त हो और उनकी कौशल दक्षता में निखार आए। इस अवसर पर शिवपुरी के प्रतिष्ठित उद्योगपति भी उपस्थित रहे, जो समय-समय पर इन विद्यार्थियों को अपनी इकाइयों में प्रशिक्षण का अवसर देकर सहयोग करते हैं। कार्यशाला में इन उद्योगपतियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कही आचरण ये उजाले, सद संत वे शिवाले, चार्य से जिनकी शोभा, निर्ग्रंथ भोले : अविराम

## मध्य प्रदेश लेखक संघ शिवपुरी की श्रवण माह काव्य गोष्ठी सम्पन्न

निज संवाददाता

शिवपुरी-मध्यप्रदेश लेखक संघ शिवपुरी की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन दुर्गा मठ पुरानी शिवपुरी में गीतकार डॉ एचपी जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि बुजुर्ग शायर भगवान यादव भगवान जबकि विशिष्ट उपस्थित शेयर याकूब साबिर की रही। नवगीतकार डॉक्टर मुकेश अनुरागी के सुमधुर संचालन में प्रबुद्ध रचनाकारों ने अपनी-अपनी काव्य प्रस्तुतियां दी,सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना अजय जैन अभिराम ने की।अपने रचना पाठ में अजय अभिराम ने दिगंबर संतो के आचरण से सीख लेने की बात कही आचरण ये उजाले, सद संत वे शिवाले, चार्य



से जिनकी शोभा, निर्ग्रंथ भोले-भाले। हास्य रस के रचनाकार राजकुमार चौहान ने अपने दोहों में कहा सूरज ने चिट्ठी लिखी शिशु दीपक के नाम करो तिमिर का सामना लडना अपना काम। गजल कार राधे श्याम सोनी ने प्रेम का संदेश देते हुए कहा बताऊं किस तरह है जी रहा हूं मैं ?मे हिज्र में अश्क पी रहा हूं मैं । बसंत श्रीवास्तव ने कहा आप हंसकर के गम को भुला दीजिए बस अभी जिंदगी खुशनुमा कीजिए वर्षा में घर की स्थिति को अभिव्यक्त करते हुए संचालन कर रहे मुकेश अनुरागी जी ने कुछ यूं कहा बैठे बैठे हैं दरवाजे फूल रहे कप्पा से गाल पर रहा है तनमां कहां पर रहा है तन मन सर तेज हवा से बिखरे बाल। वही विनय प्रकाश जैन नीरव ने अपने नवगीत में कहा चुप्पियां चिपकी हुई है होंठ पर गए बगाहे दस्तकों के प्यास के टुकड़े । शिवकुमार राय ने अपनी बात रखते हुए कहा अंतर मन की तृष्णा हूं मैं महाभारत की कृष्णा हूं मैं। वरिष्ठ साहित्यकार गोविन्द अनुज जी ने अपनी बात रखते हुए सुनाया मुझे छोड़कर बेटा मेरा ,लंदन चला गया। जो वृद्धा अवस्था की विरह वेदना पर सटीक अभिव्यक्ति थी।,अध्यक्षता कर रहे सुमधुर गीतकार डॉ हरि प्रकाश जैन हरि ने वर्षा गीत में मौसम का चित्रण करते हुए कहा सावन में सुहाना मौसम हुआ तपमन भी देखो मद्धम हुआ । गोष्ठी में राकेश मिश्रा रंजन,याकूब साबिर, इशरत ग्वालियर डॉ महेंद्र अग्रवाल श्रीमती कल्पनासिनोरिया, श्याम बिहारी सरल ,डॉ योगेंद्र शुक्ला, पत्रकार प्रमोद भार्गव भी उपस्थित रहे,सभी रचनाकारों ने उम्दा रचना पाठ कर वातावरण को आनंद में बना दिया अंत में गोष्ठी का समापन राजकुमार चौहान ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त कर किया।

# मध्यदेशीय अग्रवाल समाज महिला समिति ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज उत्सव

निज संवाददाता

शिवपुरी-मध्यदेशीय अग्रवाल समाज महिला समिति ने हर्षोल्लास के साथ हरियाली तीज का उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया, जिसमें समिति की सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।उत्सव में मनोरंजन के लिए कई रोचक खेलों का आयोजन किया गया। इनमें पंचयुल्टी गेम, चेयर रेस और माला गेम शामिल थे, जिसने सभी को खूब हंसाया और उत्साह बढ़ाया। इन खेलों की आठ विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर



सम्मानित किया गया। विजेताओं में प्रीति जैन, सरोज जैन, माधवी अग्रवाल, ऋतु जैन, रेखा अग्रवाल, निधि गुप्ता, निर्मला अग्रवाल और रूपम अग्रवाल शामिल रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हरियाली थीम पर आधारित नृत्य प्रदर्शन था। सभी महिलाओं ने रंग-बिरंगी छतरियां और चश्मे पहनकर हरियाली से जुड़े गीतों पर जमकर डांस किया, जिससे पूरा माहौल जीवंत हो उठा। उत्सव में खाने-पीने का भी उत्तम प्रबंध किया गया था, जिसका सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया। इस अवसर पर मध्यदेशीय अग्रवाल समाज अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष अंजु गोयल, महामंत्री दीपा बंसल, सहमंत्री रीना जैन, प्रचार मंत्री अनुराधा बंसल और अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही, अग्रसेन जयंती की संयोजक श्रीमती रेणु अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी ने एक साथ मिलकर हरियाली तीज के इस उत्सव का भरपूर आनंद लिया और इसे यादगार बनाया।

# मेरा युवा भारत हमीरपुर के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का आयोजन



बिंवार (हमीरपुर) द्य कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी श्री मती विष्णु प्रिया के दिशा निर्देशन एवम् छल्ज्ञ मानसिंह के संयोजन में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार पालीवाल (प्रधानाचार्य ) एवम श्री मुन्ना सिंह प्रवक्ता ने वृक्षारोपण किया। मेरा युवा भारत के युवा मॉडल सदस्य मानसिंह भी उपस्थित रहे ।इसी क्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा एक पेड़ मां के नाम आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें अनामिका भरखरी प्रथम एवम् अंजली टीहर द्वितीय और सोनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अनिल पालीवाल ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया । इसी क्रम में थाना क्षेत्र बिवार में थाना प्रभारी श्री धर्मेंद्र कुमार जी सहित एवम् हीरानन्द इंटर कॉलेज बिवार में श्री राजू सिंह प्रधानाचार्य सहित सभी ने एवम् भष्मानंद इंटर कॉलेज निवादा के प्रधानाचार्य श्री मनोहर सिंह सहित सभी ने भी पीपल ,जामुन, नीम एवं आम के वृक्षों का रोपण किया गया।तथा इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां के स्टाफएवम् उपस्थित अतिथियों श्री अरविंद कुमार ,श्री मनोज, बी एल तिवारी जी, राजाबाबू द्वारा ली गई। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन अरविन्द कुमार के द्वारा किया गया।

# हाईटेंशन लाइन का तार टुटा, भैंस की मौत विधुत विभाग की लापरवाही से हुआ हादसा

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
ब्यूरो चीफअनिल कुमार

सरीला (हमीरपुर) गुरुवार को लगभग दोपहर के समय एक भैंस हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बंगरा निवासी कालीचरन पुत्र शिव प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को दोपहर के समय वह अपने ट्यूबवेल के पास खेत में अपनी भैंसों को चल रहा था। उसी समय ममना पावर हाउस से धौहल की ओर जाने वाली हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर भैंस के ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बंगरा निवासी कालीचरण ने बताया कि गुरुवार को गांव के पास ही लगे ट्यूबवेल के पास वह अपनी भैंस चल रहा था। उसी वक्त हाई टेंशन लाइट का तार खेत में चल रही भैंस के ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशुडॉक्टर को दे दी गई है। पीड़ित ने आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।



# पत्नी को फोन कर परेशान करने पर बीच सड़क पर कार सवार युवक की पिटाई,वीडियो वायरल

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
ब्यूरो चीफअनिल कुमार

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर टीबी अस्पताल के पास एक युवक ने कार सवार को कार से उतार कर बीच सड़क पर लात-घूंसे से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।जानकारी के मुताबिक, कार सवार युवक की पहचान अंकित के रूप में हुई है, जो कानपुर कमिश्नरेट के सजेती थाना क्षेत्र का निवासी है। जबकि पिटाई करने वाला युवक हमीरपुर सदर क्षेत्र का रहने वाला है। वायरल वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि कैसे आरोपी युवक ने कार से अंकित को जबरन नीचे उतारा और उसे सड़क पर पीटना शुरू कर दिया।मारपीट करने वाले युवक का आरोप है कि अंकित उसकी पत्नी को लगातार फोन कर के परेशान कर रहा था, जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। इस पूरे मामले में पीड़िता महिला भी कोतवाली पहुंची है। उसका भी आरोप है कि अंकित उसे काफी समय से कॉल कर के परेशान कर रहा था।घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली में बैठाया है और पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# दो बाईकों की सीधी टक्कर, तीन गंभीर

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
ब्यूरो चीफअनिल कुमार

मौदहा (हमीरपुर) द्य कस्बे के बाहर से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में दो बाइको की सीधी टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया।जहां से तीनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।
गुरुवार की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में दो बाइक सवार आमने-सामने भिड़ गए जिससे नरायच निवासी अरमान (17) पुत्र अख्तर अपने साथी प्रिंस(17) पुत्र बिंदा के साथ मौदहा कस्बे की ओर जा रहे थे तभी सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार की बाईक से किसान पैट्रोल पंप के निकट सीधी टक्कर हो गई जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से तीनों को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है फिलहाल तीनों युवकों को गंभीर चोंटें बताई जा रही हैं।

# पति सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
ब्यूरो चीफअनिल कुमार

मौदहा (हमीरपुर) । विवाहिता ने पति सहित देवरों और सास ससुर पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी अमन बानो पुत्री मुबीन खान ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 2021में मांचा निवासी हबीब अली पुत्र यूनुस अली उर्फ करिया हुजूर के साथ हुआ था शादी के छः महीने तक तो सब कुछ सही चलता रहा लेकिन उसके बाद उसका पति और देवर पांच लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे तब से वह अपने मायके में रह रही है इस दौरान उसकी तीन साल की बेटी भी है।जबकि ससुरालियों द्वारा मांग पूरी नहीं होने तक ससुराल नहीं ले जाने की बात कह रहे हैं।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति हबीब अली,ससुर करिया हुजूर, सास हमीदन और देवर सैफ अली और बिल्लू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जल संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
ब्यूरो चीफअनिल कुमार

मौदहा (हमीरपुर) । कस्बे के भैंसता गांव में जल संक्षरण सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया।भूजल सप्ताह (16 जुलाई से 22 जुलाई के अंतर्गत दिनांक 22 जुलाई को ग्राम भैंसता के ग्रामीण हाट बाजार में एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई। जबकि कार्यक्रम का आयोजन युवा कौशल विकास मंडल द्वारा गुरदहा जलागम विकास परियोजना के सहयोग से किया गया। जबकि मुख्य अतिथि नाबार्ड के डीडीएम हरिओम सोनी रहे, और विशिष्ट अतिथि के रूप में भ्वथ्ब् बैंक से कमलेश रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के सचिव मनोज कुमार ने स्वागत भाषण के साथ की और सभी अतिथियों तथा ग्रामीणों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भूजल संरक्षण और उसके वैज्ञानिक उपयोग से किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को जल प्रबंधन की तकनीकों एवं भूजल स्तर बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद कुमार, श्रीशचंद्र, दीपराज, अवधेश, हरिओम, द्रोण, अंकित, श्रीचंद्र, विपिन, प्रमोद, पुष्पेंद्र, और अमित आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम की सराहना की और सहभागिता निभाई।

# एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षण में आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफकिया

## ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देकर, अनुशासन का पालन करने के निर्देश

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में आरटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया। इस दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एसपी ने बताया कि अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधायें प्रदान करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। साथ ही ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी। ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया। अभ्यर्थियों को वर्तमान में टैक्नोलाजी का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने, पुलिस के आचरण जैसे रूढ़िवादी सोच, गैर पक्षपात पूर्ण कार्य, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतने, पुलिस को ईमानदारी पूर्वक जाति, धर्म व राजनैतिक बातो से परे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, उ.प्र. पुलिस के गौरवमयी इतिहास में आने वाले अगले 35 से 40 वर्षों तक बदलते हुए समय को देखते हुए एक बीट आरक्षी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। आरक्षी पद से ही हमारी पुलिस प्रणाली मजबूत होती है तथा अपराधियों व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलती है। ट्रैनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अनुशासन में रहने के अलावा सोशल मीडिया पॉलिसी के सम्बन्ध में जानकारी दी। तत्पश्चात अभ्यर्थियों को महिला सम्बन्धी सुरक्षा व शासन द्वारा महिलाओं के सम्बन्ध में संचालित अभियानों के सम्बन्ध में बताया। शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान आउटडोर में होने वाली क्रियाओं में पीटी, योगासन, खेलकूद आदि के महत्व के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया। सभी अभ्यर्थियों को बेसिक पुलिसंग के बारे में जानकारी देकर, अपनी ड्यूटी को सेवा भाव के रूप में करने के सम्बन्ध में बताया गया। अभ्यर्थियों को एक आरक्षी के कर्तव्य व दायित्वों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। अभ्यर्थियों को पुलिस मुख्यालय से दिये गये आदेशो-निर्देश का पालन करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को सभी से मधुर व्यवहार रखने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

# जल निगम को सड़कों की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश

ललितपुर। विगत दिनों पहले एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जल निगम के अधिकारी, ठेकेदार, पालिका के अवर अभियंता खुशबू खांन व लिपिक दीपेन्द्र कुमार द्वारा वार्ड नंबर 14 मु.गोविंद नगर रावतयाना में टीम द्वारा जल भराव का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि वार्ड नबर 14 मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना में जल निगम द्वारा डलवाई जा रही पाइप लाइन के तहत खोदे गये गड्ढों को सही से नहीं भरे जाने के चलते दिनेश साहू के घर से लेकर पुरूषोत्तम साहू के घर तक की सड़क पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तत्समय ईओ ने जल निगम के संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया था कि पाइप लाइन के लिए खोदे गये गड्ढों को तत्काल प्रभाव से भरकर पालिका की सड़क की मरम्मत कराई जाये, जिससे कि मोहल्ले में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो सके। उक्त निर्देश के क्रम में जल निगम के अधिकारियों द्वारा संबंधित ठेकेदार को सड़क डलवाये जाने हेतु आदेशित किया गया, जिसके बाद जल निगम के द्वारा वार्ड नंबर 14 मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना में दिनेश साहू के घर से लेकर पुरूषोत्तम साहू के घर तक की सड़क पर को डलावाया गया। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि पाइप लाइन के लिए खोदी जा रही नगर पालिका की सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु टीमों को लगाकर सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के उपरांत सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु सूची जल निगम को सौंप दी जाएगी। जिससे कि नगर में हो रहे जल भराव की समस्या से नगरवासियों को निजात मिल सके।

# फोर्टीफाइड चावल की कालाबाजारी का फिर भण्डाफोड़

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में पिसनारी नहर के पास पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन में लदे सरकारी योजना के फोर्टीफाइड चावल को बरामद किया गया है। इस मामले में वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विगत 20 जुलाई 2025 को अपराह्न लगभग 3.40 बजे कोतवाली पुलिस द्वारा पिकअप संख्या यूपी 94 टी 7232 को रोका गया, जिसे श्रीचन्द्र कुशवाहा चला रहा था। जांच में सामने आया कि उक्त वाहन में 53 बोरी चावल, 4 बोरी जी (चना), और 4 बोरी भूसा लदा हुआ था, लेकिन कोई वैध दस्तावेज या अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन द्वारा की गई जांच में यह चावल सरकारी योजनाओं में राशन, आईसीडीएस, और एमडीएम (मिड-डे मील) में वितरित होने वाला फोर्टीफाइड चावल पाया गया। उल्लेखनीय है कि ललितपुर में चावल की पैदावार नगण्य है, जिससे स्पष्ट होता है कि इस चावल की आपूर्ति गैरकानूनी माध्यम से की जा रही थी। गाड़ी मालिक सोन सिंह एवं चालक श्रीचन्द्र कुशवाहा के विरुद्ध जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्राथमिकी संख्या 0829/2025 दर्ज कर ली गई है। यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश 2016 का उल्लंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय है। बरामद चावल को स्थानीय उचित दर विक्रेता राकेश साहू के सुपुर्द करते हुए सुरक्षित रखा गया है, जो उच्चाधिकारी या न्यायालय के आदेश पर प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं वाहन को कोतवाली परिसर में खड़ा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु रखा गया है। जांच रिपोर्ट, बरामदगी फर्द, गवाहों के बयान एवं एफसीआई की प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि यह चावल सरकारी योजना से संबंधित था और अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ी कालाबाजारी का पर्दाफाश हुआ है, जिससे गरीबों के हक का राशन अवैध धंधेबाजों के हाथों में जाने से रोका जा सका है।

# खेत में गाय घुस जाने पर पूरे परिवार से मारपीट, धमकाने का आरोप

ललितपुर। गाय को चारा खिलाने खेत ले गये युवक व गाय पर लाठी से हमला करने वाले युवक पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रकरण को लेकर महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी विकास जोशी पुत्र सुकपाल जोशी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 15 जुलाई को वह अपनी गाय को लेकर खेत में चारा खिलाने गया हुआ था, जहां उसकी गाय निसार पुत्र शौकत अली के खेत में चली गयी। तभी मौके पर मौजूद निसार ने उसकी गाय को डण्डा दे मारा। विरोध करने पर निसार ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया। बताया कि 22 जुलाई को फिर से शाम करीब5 बजे निसार ने अपने परिवार में निसार पुत्र शौकत अली, नौसाद पुत्र निसार अली, समीर पुत्र सुबराती, नासिर अली पुत्र निसार के साथ एकराय होकर घर आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आवाज सुनकर जब उसका भाई आनन्द बाहर निकला तो उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# गौशाला बंद होने से ग्रामीण परेशान एसडीएम से लगाई गुहार

(संवाददाता)



कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम लाडूपुरा के निवासियों ने दिन गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र सौंपकर गांव में बंद पड़ी गौशाला को फिर से चालू कराने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला बंद होने के कारण आवारा गोवंश उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है।ग्रामीणों ने अपने पत्र में बताया कि लाडूपुरा में एक गौशाला थी जिसे शासन द्वारा बंद कर दिया गया है गौशाला बंद होने के कारण उन्हें काफी नुकसान हो रहा है इस समय गांव में लगभग 70 से 80 आवारा गायें घूम रही हैं जो खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रही हैंग्रामीणों के अनुसार जब लाडूपुरा की गौशाला बंद की गई थी तब इन गायों को एबरा की गौशाला में स्थानांतरित कर दिया गया था हालांकि एबरा की गौशाला ने उन्हीं गायों को वापस लाडूपुरा गांव में छोड़ दिया है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई हैग्रामीणों का कहना है कि यदि यह स्थिति बनी रही तो वे अपनी खेती-बाड़ी छोड़कर भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे उन्होंने एसडीएम से ग्राम लाडूपुरा की गौशाला को जल्द से जल्द फिर से चालू कराया जाए, ताकि समस्त ग्रामवासी अपनी खेती करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और आवारा गोवंश से अपनी फसलों को बचा सकें।

# एक युवक ने दरोगा पर लगाया गाजा लगाने की धमकी देकर 30 हजार रुपये लेने का आरोप



कोंच(जालौन)। कैलिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने दरोगा मोहित यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि दरोगा ने उसे जबरन उठाया और मारपीट की। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 30 हजार रुपये वसूल लिए।पीड़ित पवन उर्फ जगतनारायण ने बताया कि 18 जुलाई को शाम 5 बजे वह पड़ोसियों के साथ दहला काट खेल रहा था। इसी दौरान दरोगा मोहित यादव ने उसे और तीन अन्य युवकों को पकड़ लिया। थाने ले जाकर उसे डंडों से पीटा। इस मारपीट में उसके दाहिने हाथ की उंगली में फ्रैक्चर हो गया।पवन के मुताबिक दरोगा ने उस पर दो किलो गांजा रखने का झूठा आरोप लगाया। जेल भेजने की धमकी देकर उसके पिता से 30 हजार रुपये वसूले। परिवार को यह राशि गहने बेचकर जुटानी पड़ी। अगले दिन दोपहर में दरोगा ने उसे सलैया रोड पर ले जाकर देसी शराब के क्वार्टर वाले थैले के साथ फोटो खिंचवाई। शाम को धारा 60 के तहत चालान करके छोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस उपाधीक्षक कोंच से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने गल्ला मंडी में व्यापारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के बारे में पूछा



कोंच(जालौन)। एसडीएम ने गुरुवार को गल्ला मंडी पहुंच कर व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अगर उनकी कोई समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। समस्या का निदान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।
बीते दिवस गल्ला व्यापारी समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल खिल्ली वाले ने अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। अध्यक्ष ने अपने इस्तीफे के पीछे कारण बताया कि अधिकारी मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर उनकी सुनते नहीं हैं जिससे व्यापारी उनसे नाराज रहते हैं। एसडीएम ज्योति सिंह की गुरुवार को व्यापारियों के साथ हुई बैठक इसी से जोड़कर देखी जा रही है। एसडीएम ने मंडी में साफ-सफाई, बिजली, पानी और आवारा जानवरों की समस्या दूर करने के लिए मंडी सचिव को कड़े निर्देश दिए वहीं व्यापारियों से भी कहा कि अगर उनकी कोई समस्या है तो सीधे उन्हें बताएं ताकि उसका यथोचित निदान कराया जा सके। बारिश में टपक रहीं दुकानों की छतों की मरम्मत कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान मंडी सचिव सोनू, दिनेश अग्रवाल, विजल अग्रवाल रोहन, मिथलेश गुप्ता, राममोहन रिछारिया, अवधेश गुप्ता, अंशुल मिश्रा, सुशील मास्टर, अजय गोयल, बंटे राठौर, अजय रावत, बॉबी पटेल, राहुल तिवारी, राजकुमार अग्रवाल बबलू, अखिलेश बबेले, ध्रुव प्रताप सिंह निरंजन, जितेंद्र पटेल चंदुर्रा सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# तहसील का चार्ज लेते ही लेखपाल कानूनगों के साथ बैठक कर कहा किसानों की निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता-तारा शुक्ला



उरई (जालौन)। किसानों की हर संभव समस्याओं को निस्तारित कर उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों को दिलाए जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, इस समय अंश त्रुटि से ज्यादातर किसान परेशान है इसे सुधार किए जाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा, यह बात नव नवागंतुक तहसीलदार सुश्री तारा शुक्ला ने कही।तहसीलदार ने कार्य भार संभालते हुये सभी लेखपालों कानूनगो के साथ बैठक कर उन्हें सख्त निर्देश देते हुए बताया कि किसानों की समस्या का हर संभव निस्तारण करें उनके साथ शालनीता से बात कर उन्हें समझाये। इस समय तहसील क्षेत्र में ज्यादातर किसान अंश त्रुटि से परेशान हो कर भटक रहे जैसे उनके हिस्से की जमीन गलत खाते में चली गई है, ऐसे खातों को चिन्हित कर उन्हें सुधार किया जाये। यह कार्य प्राथमिकता के तौर पर किया जाये। किसानों की समस्याओं का हर संभव निस्तारण किया जाएगा किसी भी प्रकार से किसान अपने लाभ से वंचित न हो यह हर संभव प्रयास किया जाएगा कि उनको सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिल सके।

# गांव के दबंगों ने घर आकर धमकाया , मारपीट

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम खोंखरा निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र ऊदल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 20 जुलाई को वह घर पर था, तभी गांव के प्रतिपाल सिंह, इन्दर सिंह पुत्रगण मेहरबान सिंह एकराय होकर आये और शाम करीब 6 बजे लेवर को काम करते हुये पूछा की नरेन्द्र कहां है, आवाज सुनकर वह जैसे ही बाहर आया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

कविता

## ख़ामोशी

कभी कभी ख़ामोशी है न, सब कह जाती है

किसी से कुछ न भी कहो न, ये सब बता जाती है

धीरे से मेरे पास आकर खामोश हो जाती है
फिर अनेक उत्तर स्वयं से ख़ामोशी से समझा जाती है

उसको क्या पता? ख़ामोशी ही तो है जो अपनापन जताती है

उसके बोलने से अधिक, ख़ामोशी अधिक कहीं बोल जाती है

इक ख़ामोशी ही तो है जो बहुत सताती है
पर सारे भेद तेरे खामोश रह कर कह जाती है

ख़ामोशी की ख़ामोशी अच्छी नहीं , जो ज्यादा तड़पाती है
खामोश इतना क्यों आदमी को बनाती है
चलो अब ख़ामोशी को ख़ामोशी से विदा करते हैं

बहुत हुआ!! अब तुम से कुट्टी करते हैं
चलो तुम्हें विदा करते हैं.

**वंदना घनश्याला की कलम से**



# (जब शिक्षा डर बन जाए) डिग्रियों की दौड़ में दम तोड़ते सपने



**संभावनाओं की कब्रगाह बनते संस्थान**

**संस्थाएं डिग्रियां नहीं, ज़िंदगियां दें – तभी शिक्षा का अर्थ है**

**भारत में शिक्षा संस्थान अब केवल डिग्रियों की फैक्ट्री बनते जा रहे हैं, जहां बच्चों की संभावनाएं और संवेदनाएं दोनों दम तोड़ रही हैं। कोटा, हैदराबाद, दिल्ली जैसे शहर आत्महत्या के आंकड़ों से दहल रहे हैं। यह संकट केवल परीक्षा का नहीं, हमारी सोच और व्यवस्था का है – जो रैंक को जीवन से ऊपर रखती है। शिक्षा में संवाद, मानसिक परामर्श और मानवीयता की जगह खाली है। जब तक हम शिक्षा को जीवन से नहीं जोड़ेंगे, तब तक यह व्यवस्था सफल नहीं, घातक सिद्ध होती रहेगी।- प्रियंका सौरभ**

कभी जिन विद्यालयों और महाविद्यालयों को ज्ञान के मंदिर कहा जाता था, आज वही स्थान धीरे-धीरे उस पीड़ा के पर्याय बनते जा रहे हैं, जहां बच्चों की हँसी नहीं, तनाव भरी चुप्पी गूंजती है। एक दौर था जब शिक्षा का उद्देश्य जीवन को सुंदर बनाना था, आज शिक्षा जीवन का भार बन गई है। हम एक ऐसे दौर में पहुंच चुके हैं जहां विद्यार्थी शिक्षा से नहीं, शिक्षा के ढांचे से डरने लगे हैं। कोटा, हैदराबाद, दिल्ली, चेन्नई, पुणे – न जाने कितने शहरों में हर साल सैकड़ों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं। ये केवल घटनाएं नहीं हैं, ये हमारे तंत्र की हार की घोषणा हैं।राजस्थान का कोटा शहर, जिसे आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र माना जाता है, वह इस समय देश का सबसे बड़ा मानसिक तनाव केंद्र भी बनता जा रहा है। हर साल लाखों विद्यार्थी डॉक्टर, अभियंता, प्रशासनिक अधिकारी या वैज्ञानिक बनने के सपने लेकर यहां आते हैं। लेकिन इन सपनों की कीमत इतनी भारी होती है कि सैकड़ों बच्चे उस बोझ को सह नहीं पाते और जीवन समाप्त कर बैठते हैं।कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई अब एक मानसिक परीक्षा बन चुकी है। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक कक्षाएं, गृहकार्य, परीक्षा, फिर परिणाम – इस चक्रव्यूह से बाहर निकलने का कोई द्वार नहीं होता। विद्यार्थियों के लिए न तो खेल-कूद का समय होता है, न साहित्य, संगीत या संवाद का। न दोस्तों के लिए समय होता है, न अपने आप से बात करने का। और ऐसे माहौल में जब कोई बच्चा असफल होता है, तो वह स्वयं को जीवन के अयोग्य समझ लेता है। यह मानसिकता इतनी गहरी है कि वह सोच भी नहीं पाता कि जीवन केवल एक परीक्षा से तय नहीं होता।एक छात्र की आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, वह उस शिक्षा व्यवस्था पर कठोर टिप्पणी है जो विद्यार्थियों को नंबर और रैंक के तराजू में तौलती है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार 2021 में 13,000 से अधिक विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। यह संख्या भारत में शिक्षा के नाम पर होने वाली त्रासदी की भयावहता को दर्शाती है। क्या हमने कभी यह सोचने की कोशिश की कि ये बच्चे क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? क्या केवल परीक्षा में असफल हो जाना किसी को जीवन त्यागने के लिए मजबूर कर सकता है?दरअसल, समस्या परीक्षा की नहीं है, समस्या उस सोच की है जिसमें असफलता को कलंक माना जाता है। माता-पिता, समाज, शिक्षक, कोचिंग संस्थान – सब इस मानसिकता को पोषित करते हैं कि जो बच्चा प्रतियोगिता में सफल नहीं हुआ, वह निकम्मा है। परिणामस्वरूप, बच्चा स्वयं को दोषी मानने लगता है और धीरे-धीरे अवसाद की गर्त में चला जाता है। किसी से अपनी बात कहने का साहस भी उसमें नहीं रहता।भारत की शिक्षा प्रणाली में वर्षों से यह कमी रही है कि यहाँ मानसिक स्वास्थ्य को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई। विद्यालयों और महाविद्यालयों में न तो स्थायी मानसिक परामर्शदाता होते हैं, न छात्रों के साथ खुला संवाद। माता-पिता भी अक्सर यह नहीं समझ पाते कि उनका बच्चा क्या महसूस कर रहा है। बच्चों से %कैसे हो% पूछने के बजाय %कितना पढ़ा% पूछा जाता है।शिक्षा व्यवस्था की इस अमानवीयता को और अधिक तीव्र बना दिया है शिक्षा के व्यावसायीकरण ने। आज शिक्षा एक सेवा नहीं, एक उद्योग बन चुकी है। कोचिंग संस्थान करोड़ों का व्यापार करते हैं। उनका उद्देश्य केवल बच्चों को परीक्षा में सफल बनाना है, उन्हें जीवन में सक्षम बनाना नहीं। वे बच्चों को उत्तर याद करवाते हैं, सवाल पूछने की आदत नहीं सिखाते। वे सफलता की मशीनें गढ़ते हैं, इंसान नहीं।बात केवल कोचिंग की नहीं है। देश के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से भी आत्महत्याओं की खबरें आती रही हैं। रोहित वेमुला, एक शोधार्थी, जिसकी आत्महत्या ने पूरे देश को हिला दिया था, वह भी संस्थागत भेदभाव और असंवेदनशीलता का शिकार था। आज भी जातीय, सामाजिक, भाषाई और क्षेत्रीय भेदभाव के अनेक रूप हमारे शैक्षिक संस्थानों में मौजूद हैं। विद्यार्थियों को मानसिक सुरक्षा नहीं मिलती, भावनात्मक सहारा नहीं मिलता, और जब सब रास्ते बंद हो जाते हैं, तो वे जीवन को ही समाप्त करने का निर्णय लेते हैं।समस्या बहुत गहरी है और इसका समाधान केवल ÷शोक प्रकट करने÷ या ÷नियमन बनाने÷ से नहीं होगा। हमें शिक्षा की परिभाषा को फिर से गढ़ना होगा। शिक्षा केवल डिग्री, अंक या नौकरी का माध्यम नहीं हो सकती। शिक्षा का उद्देश्य जीवन को समझना, आत्मविश्वास विकसित करना, और हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखना होना चाहिए।हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक शिक्षा संस्थान में स्थायी मानसिक परामर्शदाता हों। बच्चों के लिए खुला मंच हो जहां वे अपने विचार, भावनाएं और समस्याएं बिना डर के व्यक्त कर सकें। परीक्षा पद्धति ऐसी हो जो केवल रटंत विद्या को न परखे, बल्कि रचनात्मकता, तर्कशक्ति और संवेदना को भी महत्व दे।इसके साथ ही, कोचिंग संस्थानों पर कठोर नियंत्रण की आवश्यकता है। उनकी फीस, समय-सारणी, परीक्षा पद्धति – सब कुछ सरकार द्वारा विनियमित किया जाना चाहिए। उन्हें केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लाना होगा। सरकार को भी इस विषय पर केवल बयानबाज़ी करने के बजाय ठोस नीति बनानी चाहिए जो आत्महत्याओं की घटनाओं को रोक सके।माता-पिता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। बच्चों से संवाद बढ़ाना होगा, उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनकी असफलता कोई अपराध नहीं है। हमें यह समझना होगा कि हर बच्चा अद्वितीय होता है, और हर किसी की सफलता की परिभाषा एक जैसी नहीं हो सकती।यह भी आवश्यक है कि समाज में असफलता को सहजता से स्वीकार करने की संस्कृति विकसित की जाए। हमें यह सिखाना होगा कि परीक्षा में असफल होना जीवन में असफल होना नहीं है। यदि कोई बच्चा एक परीक्षा में नहीं सफल हो पाया, तो उसके लिए और भी रास्ते हैं। यह जीवन केवल रैंक की सूची नहीं है, यह भावनाओं, संवेदनाओं और संभावनाओं की यात्रा है।हमारा देश तभी शिक्षित माना जाएगा जब यहां के शिक्षा संस्थान बच्चों को केवल पाठ्यक्रम नहीं, जीवन जीने की कला सिखाएं। जब विद्यार्थी केवल डिग्रियां नहीं, उद्देश्य लेकर निकलें। जब शिक्षा बच्चों को नंबरों से नहीं, उनकी पहचान से जोड़ें।आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम बच्चों को ÷किताबें रटवाएं÷, बल्कि इस बात की है कि हम उन्हें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान देना सीखें। उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि वे जैसे हैं, वैसे ही पर्याप्त हैं। उनकी संभावनाएं अंकतालिकाओं से बड़ी हैं, और उनका जीवन परीक्षा के परिणामों से अधिक मूल्यवान है।अगर हम यह नहीं कर सके, तो हर वर्ष हजारों रोशनी बुझती रहेंगी, और हम केवल मोमबत्तियां जलाकर अफ़सोस करते रहेंगे। शिक्षा को फिर से जीवनमूल्य आधारित बनाना होगा – जहां विद्यार्थी केवल डिग्री नहीं, उद्देश्य पाएं; केवल नौकरी नहीं, पहचान पाएं; और केवल पढ़ाई नहीं, जीने का विश्वास पाएं।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार और कवयित्री हैं)**
**प्रियंका सौरभ**

# तकनीक बन रही है जनकल्याण का माध्यम



एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सटीक और सामयिक टिप्पणी की है। दरअसल %%टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। हमें जन-केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। साथ ही हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और डीपफेक जैसी चुनौतियों का समाधान भी करना होगा। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि तकनीक मात्र उपकरण बनें तो यह मानवता के हित में नहीं हो सकती। ऐसे में तकनीक को जनकल्याण का माध्यम बनाना होगा। डिजिटल युग में बहुत कुछ बदला है। हमारे सोच का तरीका बदला है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में आज सामान्य मानव मन से भी अधिक तेजी से तकनीक काम करने लगी है। तकनीक ने इतना विकास कर लिया है कि अब मशीनें सोचने लगी है। हमारे चिंतन और मनन को प्रभावित करने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक ने जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रवेश करने के साथ सहज बनाया है। समय तो यहां तक बदल गया है कि अब पढ़ना-लिखना ही नहीं तकनीक ने सोचना और निकश तक पहुंचना आरंभ कर दिया है। यह विकास का उजला पक्ष होने के साथ ही इसके पीछे छुपा काला पक्ष भी गंभीर है। हांलाकि प्रकृति अपना काम कर रही है और वह लगातार हमें चेतावनी देती जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। वह हमारे निर्णयों को प्रभावित कर रही है, हमारी प्राथमिकताएं तय कर रही है, और हमारी सोच को प्रभावित कर रही है। इस दौर में हमें ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो तकनीक के चमत्कारों को संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ दिशा दे।एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सटीक और सामयिक टिप्पणी की है। दरअसल ÷टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। हमें जन-केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। साथ ही हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और डीपफेक जैसी चुनौतियों का समाधान भी करना होगा।÷ डिजिटल नवाचार का उपयोग अब पारदर्शिता, सहभागिता और संवेदनशील सेवा-प्रणाली के रूप में सामने आ रहा है। हमारा देश आज एआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रख रहा है। 2024 में केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित इण्डिया एआई मिशन इसका जीता जागता उदाहरण है। इस मिशन के तहत 10,300 करोड़ रु. के निवेश से देश में एक विश्वस्तरीय एआई कंप्यूटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है 18,693 जीपीयू से लैस साझा कंप्यूटिंग क्षमता विकसित कर भारत को वैश्विक एआई शक्तियों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना है। विशेषज्ञों को मानना है। - **डॉ. सुबोध अग्रवाल**



आस्था

आज श्रावण शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि दिन शुक्रवार

# बिहार से दिल्ली तक सियासी संग्राम-क्या मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण थ्योरी, हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी

संसद में हंगामा-एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से अपात्र व्यक्तियों को हटाकर चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाना है,जो सभी राज्यों में होना ज़रूरी संसद के पिछले कुछ सत्रों से मतदाताओं सहित पूरी दुनियाँ देख रही है,सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा कैसे तार तार हो रही है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इन दिनों 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक संसद का मानसून सत्र चल रहा है,जो चौथे दिन भी हंगामे में की भेंट चढ़ गया, विशेष गहन पुनरीक्षण पर जोरदार हंगामा चल रहा है, जिसे हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी की संज्ञा दी जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि,वर्तमान डिजिटल युग में पूर्ण पारदर्शिता हर क्षेत्र में होना चाहिए ताकि भारत के सभी नागरिकों को उस काम की रिपोर्ट दर्शिका पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए, कि कोई हेराफेरी गड़बड़ी या अनुचित प्रक्रिया कर किसी को अनुचित लाभ पहुंचाया जा रहा है। यदि किसी को कोई संदेह है तो सांसद सबसे बड़ा प्लेटफार्म है जहां शांतिपूर्वक बात रखी जा सकती है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकिपिछले चार दिनों से संसद के दोनों सदन हंगामा की वजह से बाधित होकर स्थगित हो रहे हैं व काम पूरी तरह से बाधित है। बता दें सांसद की कार्रवाई के प्रति मिनट की कास्ट 2.50 लाख़ रुपए होती है जो इन चार दिनों में करोड़ों में आंकड़ा होगा, जो कर दाताओं की गाड़ी कमाई का अपव्यय हो रहा है, दूसरी और पारदर्शिता की बात करें तो विशेष गहन पुनरीक्षण से लाखों जाली मतदाताओं को हटाया जाना कोई बुरा नहीं है।मेरा मानना है कि यह ऐसा एसआईआर पूरे भारत में पंचायत समिति से लेकर संसद तक हर स्तरपर की जानी चाहिए, ताकि चुनाव में पारदर्शिता व साफ सुथरे की एक संवैधानिक संस्थान की प्रतिष्ठा कायम होगी, क्योंकि ऐसा एसआईआर को लेकर सड़क से संसद तक हंगामा हो रहा है, इसपर जनजागरण करने की आवश्यकता है। चूंकि मतदाता लिस्ट से संवैधानिक रूप से जो पूरी तरह से अपात्र हैं, व लिस्ट में जुड़े हुए हैं तो उनको हटाया जाना ही स्वस्थ लोकतंत्र का असली सम्मान है, जिसे चुनावी विश्वसनीयता भी बढ़ती जाएगी।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बिहार से दिल्ली तक सियासी संग्राम, क्या मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण रीसेंट थ्योरी, हिंदुस्तान में इलेक्शन की चोरी है।



साथियों बात अगर हम मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 चार दिनों से बाधित कामकाज की करें तो, मानसून सत्र के तीसरे दिन भी कोई काम नहीं हो सका है,विपक्ष के भारी हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और सत्यापन यानी एसआईआर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया हुआ है।एसआईआर के मुद्दे पर पटना से दिल्ली तक सियासी संग्राम है,बिहार में महागठबंधन की अगुवाई कर रहे,आरज़ेडी के साथ ही विपक्षी इंडिया ब्लॉक की पार्टियां इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं। बिहार विधानसभा में भी काले कपड़े पहनकर विपक्ष प्रदर्शन कर रहा है। एसआईआर के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों के साथ ही बिहार के भी दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित हो रही है। विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा है जबकि सरकार का रुख है कि इस पर चर्चा नहीं होगी, चुनाव आयोग की तरफ से सरकार जवाब नहीं दे सकती है।संसद का मानसून सत्र, जैसा कि अपेक्षित था, हंगामेदार रहा, लेकिन बार-बार स्थगित होने की सुर्खियों के पीछे एक वास्तविक लागत छिपी है,संसद के सक्रिय घंटों के दौरान प्रत्येक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये।वर्तमान सत्र सोमवार को शुरू हुआ और दो प्रमुख मुद्दे, जिनके कारण दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न हुआ है,राज्यसभा की अपेक्षा लोकसभा में हंगामा अधिक रहा, बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण जिसे विपक्ष ने सत्तारूढ़ गठबंधन को मदद करने का प्रयास बताया है, तथा विपक्षी दलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग थी।संसद के प्रत्येक सदन को प्रतिदिन छह घंटे तक उत्पादक होना चाहिए,भोजनावकाश के एक घंटे को छोड़कर और, 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री के अनुसार, सत्र के दौरान संसद को एक मिनट चलाने पर 2.5 लाख रुपये का खर्च आता है, या लोकसभा और राज्यसभा के लिए1.25 लाख रुपये का खर्च आता है। ये आंकड़े अब एक रूढ़िवादी अनुमान हैं, क्योंकि ये एक दशक से भी अधिक पुराने हैं, लेकिन अद्यतन आंकड़ों के अभाव में, हम आगे की गणना के लिए इन्हीं का उपयोग करेंगे। मानसून सत्र में चार दिन हो चुके हैं, यानें हर सदन को 18 घंटे काम करना चाहिए था।हालाँकि, गैर- लाभकारी संस्था पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, स्थगन के कारण राज्यसभा में 4.4 घंटे और लोकसभा में मात्र 0.9 घंटे या 54 मिनट ही काम हुआ है। इसका अर्थ यह है कि व्यवधानों के कारण करदाताओं को राज्यसभा के लिए 10.2 करोड़ रुपये (816 मिनट का नुकसान, 1.25 लाख रुपये से गुणा) तथा लोकसभा के लिए 12.83 करोड़ रुपये (1,026 मिनट का नुकसान,1.25 लाख रुपये से गुणा) का नुकसान हुआ है। साथियों बात अगर हम बिहार विधानसभा से लेकर दिल्ली मानसून सत्रतक संसद में हंगामें के कारणों की करें तो, बिहार में चल रही विशेष मतदाता सत्यापन प्रक्रिया यानी एसआईआई की प्रक्रिया का पहला चरण पूरा होने में अब केवल दो दिन का समय बचा है. शुक्रवार (25 जुलाई, 2025) को भारतीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का पहला चरण समाप्त हो जाएगा औरपुनरीक्षण प्रक्रिया के पहले चरण के तहत 56 लाख मतदाताओं का नाम बिहार मतदाता सूची से कटना तय है।चुनाव आयोग की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बिहार के 56 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एक अगस्त को आने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं होंगे,बिहार वोटर एसआई आर के तहत सामने आए ताजा आंकड़े-भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से बुधवार (23 जुलाई) को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक,(1)करीब 20 लाख मतदाता मृत पाए गए(2)करीब 28 लाख मतदाता स्थानांतरित हो चुके हैं (3)7 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं (4)1 लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं, जिनका पता नहीं चल पाया है इन आंकड़ों के आधार पर ये कुल संख्या 56 लाख से ज्यादा मतदाताओं की है,हालांकि, भारतीय चुनाव आयोग सत्यापन प्रक्रिया के तहत अब तक बिहार के कुल मतदाता संख्या के 98.01 प्रतिशत का सत्यापन कर चुका है और इनमें से 90.89 प्रतिशत यानी करीब 7.17 करोड़ फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं।चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक,अब आखिरी एक दिन बचा हैं, लेकिन अभी तक करीब दो प्रतिशत यानी करीब 15 लाख मतदाता ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक अपना गणना फॉर्म नहीं भरा है,हालांकि, चुनाव आयोग की तरफ नियुक्त बीएलओ राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए के साथ मिलकर ऐसी सभी मतदाताओं के बारे में जानकारी जुटाने का काम कर रहे हैं, जिनके बारे में अब तक जानकारी नहीं मिली है. ऐसे में राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए की रिपोर्ट के आधार पर चुनाव आयोग ये फैसला करेगा कि किन मतदाताओं के नाम 1 अगस्त को आने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। साथियों बात अगर हम मतदाता सूची से बाहर हुए मतदाताओं को आपत्तियां और दावे करने की करें तो मतदाता सूची से 56 लाख ऐसे मतदाता का नाम बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची से कटना तय है, ये सूची 1 अगस्त को प्रकाशित होगी और अगले एक महीने का वक्त दिया जाएगा ताकि आपत?ति?यां और दावे क?िए जा सकें, यानी अगर किसी का नाम कट भी जाता है, तो अंतिम सूची में वो शामिल हो सकता है, अगर वो मतदाता होने का दावा साबित कर दे, बिहार में एसआईआर का पहला चरण अगले दो दिनों में पूरा होने वाला है यानी नामांकन फॉर्म को मतदाताओं से प्राप्त करने की आखिरी तारीख 25 जुलाई है, ऐसे में एक बात साफ है की 56 लाख का आंकड़ा हो या 1 लाख का, इसके बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बिहार विधानसभा में भी काले कपड़े पहनकर विपक्ष प्रदर्शन कर रहा है।एसआई आर के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों के साथ ही बिहार के भी दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित हो रही है. विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा है जबकि सरकार का रुख है कि इस पर चर्चा नहीं होगी, चुनाव आयोग की तरफ से सरकार जवाब नहीं दे सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बिहार से दिल्ली तक सियासी संग्राम- क्या मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण थ्योरी, हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी? संसद में हंगामा- एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से अपात्र व्यक्तियों को हटाकर चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाना है जो सभी राज्यों में होना ज़रूरी,संसद के पिछले कुछ सत्रों में मतदाताओं सहित पूरी दुनियाँ देख रही है,सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा कैसे तार तार हो रही है। – **एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

## ब्रीफ न्यूज

### ई-रिक्शा प्रतिबंध के खिलाफ आप का विरोध प्रदर्शन आज

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में ई-रिक्शा चालकों पर लग रहे प्रतिबंधों के विरोध में आज आम आदमी पार्टी जिला इकाई के नेतृत्व में एक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी द्वारा रिक्शा रैली का आयोजन किया गया है, जो 24 जुलाई को जिंसी धर्म कांटा से शुरू होकर कलेक्टर कार्यालय तक जाएगी। आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी मिन्हाज आलम ने बताया कि वे शहर में रोजगार से जुड़ा यह अहम मसला है और ई-रिक्शा चालकों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के मुख्य मार्गों से हटाया जा रहा है, जो हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर रहा है। बता दें कि फिलहाल शहर में लगभग 11,000 ई-रिक्शा चल रहे हैं, जिनमें से अधिकांश बिना परमिट के हैं। यह भी एक बड़ी वजह है जिससे ट्रैफिक और सड़कों पर अव्यवस्था बढ़ी है। भोपाल ट्रैफिक पुलिस के अनुसार फिलहाल लिंक रोड नंबर एक, वीआईपी रोड, और बोट क्लब पर ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। यह प्रतिबंध 23 जुलाई से एक सप्ताह के ट्रायल फेज के रूप में लागू किया गया है।

### रामकृष्ण कुसमारिया पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष बने

**भोपाल।** पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया को मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस आयोग में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन की बेटी मौसम बिसेन को सदस्य बनाया गया है। बता दें, मप्र पिछ़ड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन सितंबर 2021 में हुआ था। 2 सितंबर 2021 को जारी अधिसूचना के अनुसार इस आयोग का कार्यकाल दो साल के लिए तय किया गया था और आवश्यकता अनुसार कार्यकाल बढ़ाने की बात कही गई थी। इससे पहले 3 सितंबर 2021 को पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन को मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। रामकृष्ण कुसमारिया इस आयोग के दूसरे अध्यक्ष हैं। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन जिस आयोग के अध्यक्ष रहे उनकी बेटी को उसी आयोग में सदस्य बनाया गया है। मप्र में ओबीसी वर्ग के दो-दो आयोग हैं। मप्र राज्य पिछ्ड़ा वर्ग आयोग का गठन 1993 में किया गया था।

### सीएस ने ली राह वीर योजना की रिव्यू मीटिंग

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों को त्वरित उपचार के लिए परिवहन, स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करें। सभी जिलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए कि नीयत समय में कार्य हो सके। सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम, 2025 एवं राह-वीर योजना के प्रदेश में क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में एक बैठक में बुधवार को समीक्षा की। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर मे इलाज मिल सके, इसके लिए संबंधित-विभाग मिलकर मिशन मोड में कार्य करें। दुर्घटना से होने वाली मृत्यु से लोगों को बचाने के सभी संभव प्रयास किये जाने चाहिये। संभावित दुर्घटना स्थलों को चिह्नांकित कर दुर्घटना के कारणों को दूर किया जाना चाहिए। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने तथा नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया जाये।

### अडाणी समूह की कंपनी मप्र में बिजली ट्रांसमिशन में उतरेगी, लाइसेंस मांगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अडाणी समूह की सक्रियता अब विद्युत पारेषण क्षेत्र में भी बढ़ रही है। समूह की सहयोगी कंपनी महान ट्रांसमिशन लिमिटेड ने राज्य में ट्रांसमिशन लाइसेंस के लिए मप्र विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की है। कंपनी ने टैरिफ याचिका के जरिए आयोग से लाइसेंस की मांग की है। आयोग ने इस याचिका पर आम जनता, हितधारकों और संबंधित पक्षों से 11 अगस्त तक सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद 20 अगस्त को जनसुनवाई होगी। इसमें याचिका पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। महान ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण इस साल की शुरुआत में अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने किया है। यह परियोजना सिंगरौली के बंधौरा में स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के थर्मल पावर प्लांट से जुड़ी है। यहां से उत्पादित बिजली का पारेषण किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना के तहत मध्यप्रदेश को आवंटित 1230 मेगावॉट बिजली की निकासी के लिए नया ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

# स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं के लिए तैयार करें पाठ्यक्रम : राज्यपाल श्री पटेल

## स्किल ही करेंसी है, युवाओं के लिए आईटी और एग्रीकल्चर क्षेत्र में शुरू हुए रोजगारपरक कोर्स : मुख्यमंत्री

नगर संवाददाता

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में देश विदेश से निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल की सराहना की है। अपेक्षा की है कि निवेश परियोजना क्रियान्वयन के साथ ही उद्योग में रोजगार के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के लिए कोर्स प्रारम्भ करें, जिससे परियोजना शुरू होने के साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय स्तर के युवा उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज करेंसी का जमाना है, लेकिन स्किल (कौशल) ही करेंसी है, भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए हम नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। इसीलिए हम खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए हैं। अगर कोई युवा खेती में करियर बनाना चाहे तो उसे आधुनिक तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों के दायरे विस्तृत होने चाहिए। सभी कोर्स यहां से संचालित होने चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त विचार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विकसित मध्यप्रदेश @2047 'रोजगार आधारित शिक्षा-रूझान एवं नए अवसर' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही है। कार्यशाला



का आयोजन बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार आधारित शिक्षा-रूझान एवं नए अवसर कार्यशाला समय की आवश्यकता है। भविष्य की तैयारी का सशक्त मंच है। रोजगार केन्द्रित शिक्षा और विकसित भारत के निर्माण में प्रदेश के योगदान को बढ़ाने की प्रभावी पहल है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। यह समय के साथ तालमेल बैठाने, नवाचारों को अपनाने और नवीन अवसरों का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को सक्षम बनाती है। इसलिए हमारी शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों तक सुलभ पहुंच देने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य का समग्र विकास होता है। यह आयोजन को बदलते दौर में रोजगार आधारित शिक्षा और अवसरों का विकास करने के क्रम किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सबसे पहले 1968 और उसके बाद 1988 में मंथन हुआ। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तीसरी बार मंथन हो रहा है। लेकिन आजादी के बाद 2020 से पहले कभी भी लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर आकर विचार नहीं किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल शासन की मंशा को समझने वाले दृष्टा थे। इसी भाव से उन्होंने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए देश की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया। महात्मा गांधी ने अहिंसा के अस्त्र का उपयोग करते हुए देश के गांव-गांव तक स्वतंत्रता की अलख जगाई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया, भारत के साथ आने के लिए लालायित है। आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति पर आक्रमण करने के लिए हमारी शिक्षा के बड़े केंद्रों तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला को तोड़ने और जलाने का कार्य किया। मध्य प्रदेश 64 कलाओं की शिक्षा वाली भूमि है।

## सीएम बोले-सर्पदंश की घटनाएं हमारे लिए चुनौती

# भोपाल में कहा- प्रदेश में सांपों के काटने से हो रहीं सर्वाधिक मौतें रोकने के उपाय करें

नगर संवाददाता

**भोपाल।** सीएम डॉ मोहन यादव ने प्रदेश में सर्पदंश के कारण असमय हो रही मौतों पर चिंता जताई है। सीएम ने भोपाल में भारतीय वन प्रबंध संस्थान में आयोजित वन विकास निगम की 50 वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम ने कहा- वैसे कई सवाल मैं ही उठाता रहता हूं जैसे रैपटाइल में सांपों की गिनती की ही प्रक्रिया नहीं हैं। इसमें आपका(वन विभाग) दोष नहीं हैं। ये मैंने पूरे देश में पूछा तो बताया हमारे यहां सांपों की गिनती की प्रक्रिया ही नहीं हैं। सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, किसी भी निगम की 50 साल की यात्रा हमारे लिए गौरवपूर्ण है। हमारे निगम को न केवल बल्कि महाराष्ट्र में भी काम मिल रहा है। आपने दूरगामी दृष्टि से अच्छी छलांग लगाने का काम किया है। निगम में जो संभावनाएं हैं, उसे और टटोला जाए। जब हम 50 साल के मुकाम तक पहुंचते हैं तो सिंहावलोकन करते हुए पुरानी व्यवस्थाओं के आधार पर अगली छलांग और बड़ी लगाने का संकल्प लेने की जरूरत है। सीएम ने कहा, अच्छे कामों को केंद्र सरकार भी प्रोत्साहित करती है। निवेश को लेकर हमारे राज्य की वन संपदा की जो नीलामी करते हैं। तो हम जोधपुर गए थे मैंने कहा था कि फर्नीचर कलस्टर का जहां भी निर्यात



होता है। हमें लगा कि हमारे यहां बहुत बड़ी इमारती लकड़ी है उन्नत श्रेणी का सागौन है लेकिन पूरे देश में सबसे ज्यादा निर्यात राजस्थान के जोधपुर से होता है।सीएम ने कहा- हमने जोधपुर में पूछा तो उन्होंने बड़ी चौंकाने वाली बात बताई कि आपके यहां जो है वो है। हम तो बबूल और आम से ही दुनिया भर में निर्यात कर रहे हैं। ये हमारे लिए अलग प्रकार का अनुभव भी आया। हमारे लिए और चैलेंज हो गया। हमारे यहां तो उसे जलाऊ लकड़ी के रूप में देखते थे। जलाऊ लकड़ी का ही फर्नीचर अगर अच्छा है अगर हम सागौन का फर्नीचर देंगे तो दुनिया पागल ही हो जाएगी। वन विकास निगम भविष्य की संभावनाओं पर काम करे। उस दिशा में आगे बढ़े। बाकी वन्य क्षेत्रों को डेवलप करने में आपने अच्छी सामग्री डेवलप कर ली उसमें और क्या क्या हो सकता है। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा, वैसे तो आदि काल से कुछ मामलों में हमारे यहां सीमाएं नहीं होती जैसे ऋषि-मुनि इनकी किसी राज्य के अंदर रुकने की कोई सीमा नहीं होती। इसी प्रकार से वनों की कोई सीमा नहीं होती। हम तो और भाग्यशाली हैं सघन वन के भरोसे से हम हिमालय से आंख मिलाकर बात कर रहे हैं। हिमालय से गंगोत्री यमुनोत्री में हिमखंडों से जलधारा निकलती है लेकिन हमें गर्व है मप्र में केवल वनों के भरोसे से बराबरी की जलधारा से उनकी धारा को भी मजबूत करती है।

### बेटे का दोस्तों से विवाद था, उन्हीं ने अनहोनी की

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के कमला नगर इलाके में तालाब में डूबने से जिस शुभम की मौत हुई, उसके पिता ने साथ नहा रहे दोस्तों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता बसंत का कहना है है कि भय्यु नाम के युवक से बेटे का विवाद था। उसने बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इस मामले की शिकायत कमला नगर थाने में दर्ज कराई थी। केस अभी न्यायालय में विचाराधीन है। दिनेश पाटिल नाम के युवक से भी बेटे का विवाद था, वह भय्यु का साथी है। मुझे शक है कि इन दोनों युवकों ने ही बेटे के साथ कोई अनहोनी की है। जहां बेटा डूबा वहां पानी बहुत अधिक नहीं था। मुझे संदेह है कि भय्यु और दिनेश ने ही बेटे की सुनियोजित तरीके से पानी में धक्का देकर हत्या की है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की जानी चाहिए, वहीं पुलिस शुरूआती जांच में केस को हादसा मानकर चल रही है। यहां से सभी दोस्तों ने मछली पकड़ने का इरादा बनाया और सब्जी मंडी के पीछे सीवेज प्लांट के पास बड़े तालाब किनारे पहुंचे।

# श्रावण के दूसरे सोमवार को जिलेभर में शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही



नागपाल शर्मा माचाड़ी की रिपोर्ट

(माचाड़ीअलवर)- अलवर जिले सहित राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र व रैणी, राजगढ़ के ग्रामीण आंचल माचाड़ी कस्बे व जिरावली गांव में सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में अभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आसपास के शिवालयों में सुबह 05 बजे बाद ही चहल-पहल शुरू हो गई। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आरती की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक शुरू किया। राजगढ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र जिरावली, पलवा,माचाड़ी,पाटन,कोठीनारायणपुर, पाटन,ईशवाना,सालोली सहित अनेक जगहों पर स्थित महादेव मंदिर पर शिव भक्तों ने पंचामृत से अभिषेक कर बिल्वपत्र चढ़ाएं। यहां दिनभर शिव भक्तों में सावन की रिमझिम बारिश के बीच दर्शन कर पूजा अर्चना की। भक्तों ने शिव सवारी नंदी महाराज व गौमाता को बचाने की कामना की तथा गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने प्रार्थना करने के साथ अपने परिवार के साथ अभिषेक कर सुख शांति की कामना की। मंदिरों में भजन कीर्तन किया। इस दौरान श्रद्धालु सुरेश चंद शर्मा, शुभम शर्मा,पुष्पेंद्र पंडित,शास्त्री ओमप्रकाश तिवारी,बृजवासी गौरक्षक सेना भारत संघ के प्रदेश मिडिया प्रभारी नागपाल शर्मा नंदलाल कोली,सुरेंद्र शर्मा,मोना पटेल,कृष्णा शर्मा,सुनीता शर्मा,ममता शर्मा सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लव जिहाद आरोपियों के साथ पुलिस अफसरों के फोटो

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के एक कॉलेज में हिन्दू छात्राओं को टारगेट कर रेप करने, धर्म परिवर्तन कराने और ड्रग्स की लत लगाने के मामले में हुई कार्रवाई के बाद राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस पर सवाल उठाए हैं। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने ट्वीट कर कहा है कि दो दिन पहले जिस यास्मीन मछली और शावर को पुलिस में ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है उसका चाचा सोहेल पुलिस के कई अफसरों का दोस्त है। इन अफसरों के भोपाल में रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। इसलिए इन्हें हटाने की कार्यवाही के लिए लिखा जा रहा है। कानूनगो ने सोहेल के साथ कुछ अफसरों की फोटो भी एक्स पर अपलोड की हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने आज एक्स पर किए ट्वीट में लिखा है कि भोपाल का आपराधिक ताना-बाना समझिए। स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली हिंदू लड़कियों को टारगेट कर उनको पार्टियों के बहाने ड्रग्स की लत लगवाना, बलात्कार करके वीडियो बनाना, वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल कर सामूहिक यौन शोषण करना और फिर इस्लाम में धर्मांतरण का दबाव बनाकर जीवन भर के लिए सेक्स स्लेव बना कर रखना।

# तुलसी दिवस जागृति व पत्रकार सम्मान समारोह आज

नागपाल शर्मा माचाड़ी की रिपोर्ट

(राजगढ़अलवर)- सर्व समाज जागृति मंच (रजि.) जयपुर व राजगढ़-रैणी पत्रकार संघ द्वारा प्रथम पत्रकार सम्मान समारोह व पत्रकार सम्मेलन का आयोजन के साथ साथ 25 दिसंबर को तुलसी दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी जागृति अभियान कार्यक्रम का आयोजन आज शुक्रवार को प्रातः 11.30 बजे बांदिकुई मार्ग पर स्थित ठिकाना गंगाबाग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी सीमा मीना, पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना, थानाधिकारी राजेश कुमार मीना, ठिकाना गंगाबाग




के महंत प्रकाश दास महाराज, सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बृजवासी गौरक्ष सेना भारत संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, बृजवासी गौरक्ष सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज व श्री श्री 108श्रीमहंत माधव दास महाराज सहित अनेक गणमान्य लोग पत्रकारों के साथ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## भोपाल नगर निगम की बैठक, 2 जगहों के नाम बदलेंगे

# बीजेपी पार्षद ने कहा-कमिश्नर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाए

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक शुरू हो गई है। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने प्रश्नकाल शुरू होने की बात की। इससे पहले बीजेपी पार्षद विलास राव घाड़गे ने कमिश्नर हरेंद्र नारायण की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठा दिए। उन्होंने कमिश्नर के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव लाने की बात कहीं। इसके बाद वे अध्यक्ष की आसंदी के सामने जमीन पर बैठ गए। पार्षद के इस कदम पर एमआईसी मेंबर जगदीश यादव ने आपत्ति ली। उन्होंने कहा कि कमिश्नर ऐसे नहीं है। उनके प्रयास से ही भोपाल देश में दूसरे नंबर पर आया है। इसी मुद्दे पर कांग्रेसी पार्षद भी मैदान में उतर गए। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, पार्षद मो. सरवर,



योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने भी कमिश्नर का पक्ष रखा। कुछ देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इसके बाद अध्यक्ष सूर्यवंशी ने पार्षद घाड़गे को समझाकर उठने को कहा। हंगामे के बाद 1 घंटे का प्रश्न काल शुरू किया गया। बैठक में 3 बड़े प्रस्ताव रखे जाएंगे। जिनमें 2 जगह के नाम बदलने और 25 करोड़ रुपए से 6 विसर्जन कुंड बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं। पानी और सड़क जैसे मुद्दे पर विपक्ष का शहर सरकार को घेरने का प्लान है। सुलभ शौचालय का शुल्क बढ़ाने को लेकर भी उनकी नाराजगी सामने आ सकती है। नाम बदलने के दोनों प्रस्ताव एमआईसी से पास हो चुके हैं। पुराने शहर स्थित ओल्ड अशोका गार्डन का नाम बदलकर राम बाग और विवेकानंद पार्क के पास चौराहे का नाम विवेकानंद चौक किया जाएगा।

वार्ड-69 के पार्षद सूर्यकांत गुप्ता ने ओल्ड अशोका गार्डन का नाम बदले जाने का प्रस्ताव दिया है। 26 मई-24 को पुराना अशोका गार्डन सुधार समिति ने साधारण सभा के बाद ओल्ड अशोका गार्डन का नाम राम बाग करने का प्रस्ताव दिया था।

80 फीट रोड स्थित विवेकानंद पार्क, अशोका गार्डन के पास चौराहे का नाम विवेकानंद चौक करने का प्रस्ताव आएगा। यह प्रस्ताव भी पार्षद गुप्ता ने दिया था। चौराहे की पहचान के लिए रहवासी नवीन नामकरण की मांग कर रहे थे। वीआईपी रोड किनारे चौपाटी बनाने का मुद्दा कांग्रेस के पार्षद अजीज उद्दीन ने उठाया और अफसर को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में भी मैंने मुद्दा उठाया था, तब जांच कमेटी बनाई गई थी, पर कमेटी में शामिल हर्षल तिवारी ने कभी फोन ही नहीं उठाया। चार महीने में जांच नहीं हुई। आसंदी से जांच के निर्देश दिए गए हैं। मैं अगली परिषद में पूछूंगा कि क्या हुआ।बीजेपी के पार्षद विलास राव घाड़गे ने निगम कमिश्नर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की मांग की है। उनका कहना है कि आयुक्त की कार्यप्रणाली से मैं संतुष्ट नहीं हूं। उनका काम करने का तरीका अजीबो गरीब है। छोटे कर्मचारियों से द्वेषभाव रखते हैं।

### नर्सिंग छात्रा के साथ फ्लैट में बंधक बनाकर रेप

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के अवधपुरी में एक फ्लैट में नर्सिंग छात्रा के साथ सीनियर छात्र ने रेप किया। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। बुधवार की रात को पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवक पीड़िता का सीनियर है। लड़की के बर्थ डे को सेलिब्रेट करने के नाम पर उसे फ्लैट में बुलाकर डरा धमकाकर रेप किया गया है। आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। टीआई रतनलाल सिंह परिहार ने बताया कि (21) वर्षीय पीड़िता बागसेवनिया इलाके में रहती है। वह बीएससी क्लिनिक रिसर्च (नर्सिंग) प्रथम वर्ष की छात्रा है। रायसेन रोड पर उसका प्राइवेट कॉलेज है। इसी कॉलेज में राहुल मिश्रा नाम का युवक उसका सीनियर है। कई बार राहुल कॉलेज के छोटे मोटे कामों में उसकी मदद करता था। इसी कारण दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। दो दिन पहले लड़की का जन्मदिन था। आरोपी ने पीड़िता के जन्मदिन को सेलीब्रेट करने के नाम पर उसे फ्लैट पर बुलाया। यहां उसके अन्य दोस्त पहले से मौजूद थे। देर रात केक कटिंग करने के बाद में आरोपी ने अपने साथियों को फ्लैट के दूसरे रूम में जाने के लिए कह दिया।

# सिंपल साड़ी के साथ कैरी करें गोटा पट्टी वाले ब्लाउज, मिलेगा क्लासी और खूबसूरत लुक

गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए। यह समझना बेहद जरूरी होता है। इसलिए जरूरी है कि आप गोटा पट्टी वाले ब्लाउज को शिफॉन, जॉर्जेट, सिल्क या नेट वाली साड़ी के साथ पहन सकती हैं। पारंपरिक परिधानों में गोटा पट्टी का काम एक खास चमक और खूबसूरती जोड़ता है। जिस कारण महिलाओं के बीच गोटा वर्क वाले आउटफिट्स की जबरदस्त डिमांड रहती है। वहीं मार्केट में आपको गोटा पट्टी वर्क वाली साड़ियों की भरपूर वेराइटी देखने को मिल जाएगी। लेकिन गोटा पट्टी का यह वर्क अब सिर्फ साड़ियों तक ही सीमित नहीं है। बल्कि आजकल गोटा पट्टी ब्लाउज भी काफी ट्रेंड में हैं। यह ब्लाउज काफी आकर्षक और मनभावन होते हैं कि इनको एक ही नजर में खरीदने का मन करता है। लेकिन गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए। यह समझना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि कई बार महिलाएं इन ब्लाउज को खरीद तो लेती हैं, लेकिन उनको गलत साड़ी के साथ पहनकर अपना पूरा लुक बिगाड़ लेती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप गोटा पट्टी वाले ब्लाउज को शिफॉन, जॉर्जेट, सिल्क या नेट वाली साड़ी के साथ पहन सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ गोटा वर्क ब्लाउज के बेहतरीन डिजाइनों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि किस फैब्रिक की साड़ी के साथ इन ब्लाउज को स्टाइल किया जा सकता है।

इस फेस मास्क का इस्तेमाल करने से मिलेगी दमकती त्वचा, शीशे में देख हो जाएंगी खुश गोटा पट्टी ब्लाउज की 5 डिजाइंस गोटा पट्टी का काम राजस्थानी कला का एक बेहतरीन उदाहरण है। पूरे विश्व में यह एम्ब्रॉयडरी फेमस है। एक छोटा और पतला सा गोटा पूरे ब्लाउज की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है। गोटा पट्टी चेक एम्?ब्रॉयडरी ब्लाउज डिजाइन नेट फैब्रिक में भी अब गोटा वर्क वाली साड़ी आती है। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोटा पट्टी चेक एम्ब्रॉयडरी ब?लाउज कैरी कर सकती हैं। इन पर सिंपल सोबर गोटे वर्क से चेक डिजाइन काफी अच्छे लगते हैं। सिंपल नेट की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज पहनें और हाथों में ढेर सारी मैचिंग चूड़ी पहनें। इससे आपको परफेक्ट एथनिक लुक मिलेगा। गोटा पट्टी एम्ब्रॉयडरी ब?लाउज डिजाइन यह एम्ब्रॉयडरी बहुत बारीक नहीं होती है, तो आप इसको बोल्ड एम्ब्रॉयडरी कह सकती हैं। लेकिन यह थीम बेस्ड होती है। गोटा पट्टी एम्ब्रॉयडरी में बनी ठनी, श्रीनाद और चारबाग आर्ट के कई नमूने देखने को मिल जाएंगे। आप किसी भी सिंपल शिफॉन साड़ी के साथ यह ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। यह ब्लाउज आपको पार्टी गेटअप देते हैं और कम बजट में एक डिजाइनर फील देने वाला आउटफिट मिल जाता है।



### गोटा पट्टी पाइपिंग ब्लाउज डिजाइन

गोटा पट्टी पाइपिंग वाले ब्लाउज की खासियत यह है कि इनको छोटे और बड़े ब्रेस?ट कैसे भी हों आप पहन सकती हैं। आप डुएल रंग के कपड़े को लेकर ब?लाउज तैयार करवा सकती हैं। वैसे तो यह ब्लाउज आपको चोलीकट डिजाइन में बनवाना चाबिए, खासतौर पर अगर ब्रेस्ट का साइज छोटा है। तो इस तरह की डिजाइंस ब्रेस्ट को लिफ्ट करेंगी। वहीं बड़े ब्रेस्ट साइज पर भी फिटिंग अच्छी मिलेगी।

### गोटा पट्टी लाइनिंग ब्लाउज डिजाइन

बता दें कि वर्टिकल और हॉरीजॉन्टल लाइनिंग वाले गोटा पट्टी वर्क ब्लाउज भी काफी अच्छे दिखते हैं। ऑर्गेंजा साड़ी के साथ आप ऐसे ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज दिखने में क्लासी लगते हैं। ऐसे में आप किसी भी बड़े अवसर या फिर तीज-त्योहार में कैरी करती हैं, तो सभी की नजरें आपके लुक पर टिक कर रह जाएंगी। आप फुल और हाफ दोनों तरह की स्लीव्ज बनवा सकती हैं।

### सिंपल गोटा पट्टी ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में हैवी गोटा वर्क है, तो आप सिंगल गोटा वर्क वाला ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आप किसी भी टेलर से सिलवा सकती हैं। आप सिंपल ब्लाउज में भी स्लीव्ज या फिर बैक में ससोबर गोटा वर्क करा सकती हैं। आप किसी भी सिंपल साड़ी के साथ इस तरह का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।



# श्रीराम कथा से पहले भगवान शिव ने बताए जीवन के वो सत्य, जो हर मानव को जानना चाहिए

भगवान शंकर देवी पार्वती को बताते हैं कि मानव शरीर के हर अंग का उद्देश्य प्रभु भक्ति और सेवा है। कान हरि कथा सुनने के लिए हैं, पर निंदा से भर जाते हैं; आँखें संतों के दर्शन के लिए हैं, पर संसार की सुंदरता में उलझ जाती हैं। इस प्रकार, मनुष्य अपने शरीर के वास्तविक लक्ष्य से भटक जाता है। भगवान शंकर जब देवी पार्वती को श्रीराम कथा का रसपान कराना आरम्भ करते हैं, तो सर्वप्रथम वे जो वाक्य कहते हैं, वे बड़े सार्थक व गंभीर हैं। भोलेनाथ कहते हैं, कि हे पार्वती जब मानव के शरीर की रचना होती है, तो उसके तन के प्रत्येक अंग को प्रभु भक्ति व सेवा साधना के लिए ही रचा गया होता है। उदाहरणतः अगर हम मनुष्य के कानों की ही बात करें, तो साधारण मानव अपने कर्ण द्वारों से, संसार के रसहीन रागा व गीतों को ही तो सुनता है। उसे मन को विचलित वाले गीतों में जो रुचि मिलती है, वह उसे प्रभु की कथा में नहीं मिलती। किसी की निंदा अथवा चुगली हो, तो वह अपने कर्ण द्वारों को ऐसे खोलता है, मानों स्वर्ग के द्वार खोले जा रहे हों। ऐसे ही लोगों के लिए भगवान शंकर ने कहा- 'जिन्ह हरिकथा सुनी नहिं काना। श्रवन रंध्र अहिभवन समाना।।' अर्थात जो लोगों ने, कभी भी हरि की कथा को श्रवण नहीं किया। उनके कानों के छेद, कोई साधारण छेद न होकर, सर्पों की बिल वाले छेदों के समान हैं। निश्चित ही सर्प कभी बिल नहीं खोद सकता। क्योंकि उसकी देहाकृति उसे बिल खोदने की आज्ञा नहीं देती। प्रश्न उठता है, कि फिर कैसे सर्प की इतनी बिलें दिखाई देती हैं? वास्तव में सर्प चूहे की बिल पर आक्रमण करता है। बिल में चूहे को मार कर व उसे खाकर, सर्प उस बिल को अपना घर बना लेता है। जहाँ वह हर समय फूंकारता रहता है। बिल को अपने विष से विषाक्त रखता है। ठीक इसी प्रकार से हमारे कानों में रहना तो चाहिए, प्रभु की कथा के शब्दों का रस। किंतु निंदा व चुगली जैसे विषाक्त शब्दों रुपी सर्प, हमारे कानों पर अधिकार कर लेते हैं। जिस कारण हमारे कानों में केवल विष ही विष भरा होता है। इसके पश्चात भगवान शंकर कहते हैं- 'नयनन्हि संत दरस नहिं देखा। लोचन मोरपंख कर लेखा।।' अर्थात हमारे नयनों का भी एक विशेष कार्य है। देखा जाये तो व्यक्ति के मुख की सुंदरता में, आँखों की बनावट का बहुत बड़ा हाथ होता है। किसी नारी के नेत्रें की सुंदरता का बखान, इस अलँकृत शब्दों के साथ किया जाता है, कि अमुक सुंदरी की आँखें तो मृग की भाँति हैं। या यूँ कहें, कि वह नारी तो मृगनयनी है। देवी पार्वती का ऐसा कौन सा प्रश्न सुनकर महादेव जी के हृदय में सारे रामचरित्र आ गए क्या संतों की दृष्टि में भी, नयनों की सुंदरता की यही परिभाषा है? जी नहीं ! वे इस तथ्य पर कभी केंद्रित नहीं होते, कि किसी की चमड़े की आँख कैसी है, या कैसी नहीं? अपितु वे यह देखते हैं, कि किन नेत्रें ने संतों के दर्शन किये हैं, या किन नेत्रें ने नहीं किये? अगर किसी ने संपूर्ण सृष्टि में, समस्त सुंदर लोकों व दृष्यों का दर्शण किया है, किंतु संतों का दर्शण नहीं किया, तो मान लेना चाहिए, कि उसके नेत्रें का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता। उसके नेत्र ठीक ऐसे हैं, जैसे मोर के पंखों पर आँख बनी होती है। मोरपंख पर बनी आँख देखने में तो बहुत सुंदर होती है, किंतु उसकी सुंदरता किसी नेत्रहीन को कोई लाभ नहीं देती है। विचार करके देखिए, कोई नेत्रहीन उस मोरपंख पर बनी आँख को, अपने नेत्रें पर लगाकर कलपना करे, कि अब मुझे दिखने लग जायेगा। तो निश्चित ही यह उसका मतिभ्रम व अज्ञानता है। मोरपंख पर बनी आँख का उसके जीवन में कहीं से भी, कोई लाभ नहीं है। इसलिए ईश्वर ने यह मानव तन दिया है, तो इसकी सार्थक्ता इसमें नहीं, कि इससे संसार के मात्र भोग किये जायें। अपितु इसमें है, कि जीवन रहते-रहते, प्रभु की सेवा व साधना की जाये। क्योंकि यही जीवन का वास्तविक लक्षय है।

# पैन कार्ड 2.0 डाउनलोड किया तो हो जाएगा नुकसान, सरकार ने दी चेतावनी, जानें यहां पूरी जानकारी

*सरकार ने कुछ दिनों पहले PAN 2.0 CARD लॉन्च किया है। स्कैमर्स इसी का फायदा उठाते हुए टैक्सपेयर्स को नया अपडेट क्क्ह 2.0 कार्ड डाउनलोड करने के लिए ईमेल भेज रहे हैं। सरकार का कहना है कि उनकी ओर से ऐसे कोई ईमेल नहीं भेजे जा रहे हैं, जिसमें कार्ड धारक को पैन 2.0 डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। पैन कार्ड स्कैम को लेकर भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया है। सरकार ने कुछ दिनों पहले क्क्ह 2.0 छ्रत्त्छ लॉन्च किया है। स्कैमर्स इसी का फायदा उठाते हुए टैक्सपेयर्स को नया अपडेट पेन 2.0 कार्ड डाउनलोड करने के लिए ईमेल भेज रहे हैं। सरकार का कहना है कि उनकी ओर से ऐसे कोई ईमेल नहीं भेजे जा रहे हैं, जिसमें कार्ड धारक को क्क्ह 2.0 डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। इनकम टेक्स डिपार्टमेंट और पीआईबी ने अलर्ट जारी किया है कि केवल ऑफिशियल सरकारी पोर्टल में ही पैन कार्ड से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही अनजान ईमेल, कॉल या एसएमएस पर आए लिंक पर भरोसा न करें और इन पर क्लिक कर पैन कार्ड न डाउनलोड करें और न ही अपडेट करें। यहां जानें पैन कार्ड से जुड़े स्कैम के बारे में।*





### पैन 2.0 कार्ड स्कैम

*पैन कार्ड से जुड़े स्कैम में यूजर्स को अनजान मेल आईडी से मेल भेजे जा रहे हैं। इन मेल के सब्जेक्ट में पैन 2.0 कार्ड लिखा हुआ है और अंदर यूजर्स को कुछ संदिग्ध लिंक मिलते हैं। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की फेक्ट चेक यूनिट ने इस तरह की मेल को धोखाधड़ी बताते हुए यूजर्स को सावधान रहने की सलाह दी है। पीआईबी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस तरह के किसी भी मेल, कॉल या मैसेज पर रिस्पॉन्स नहीं करने को कहा है, जिसमें यूजर्स से उनकी फाइनेंशियल या निजी डेटा मांगा जाता है। साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी साफ किया है कि वह टैक्स पेयर्स से ईमेल पर किसी तरह का पर्सनल डेटा या फाइनेंशियल डिटेल्स जैसे बैंक अकाउंट, पासवर्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानकारी नहीं मांगता है। इसके साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ईमेल लिंक के जरिए पैन कार्ड या ई-पैन कार्ड नहीं भेजता है। सरकार ने ये साफ किया है कि कोई ई-पैन सर्विस सिर्फ और सिर्फ वेरिफाइड सरकारी पोर्टल पर मौजूद रहती हैं। इन सेवाओं को थर्ड पार्टी लिंक या ईमेल के जरिए उपलब्ध नहीं करवाया जाता है।*

# घर पर बनाएं खट्टी-मीठी स्वाद से भरी जामुन की चटनी, यहां देखें पूरी रेसपी



गहरा बैंगनी रंग, खट्टा-मीठा स्वाद और हल्का सा कसैलापन लिए जामुन को नमक के साथ खाने में काफी मजा आता है। क्या आप जानते हैं कि जामुन की चटनी खाने के स्वाद को दोगुना बढ़ा सकती है। हम आपके साथ जामुन की चटनी की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। जब भी मानसून शुरू होता है, तो मार्केट में जामुन भी आने लगते हैं। गहरा बैंगनी रंग, खट्टा-मीठा स्वाद और हल्का सा कसैलापन लिए जामुन को नमक के साथ खाने में काफी मजा आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जामुन को स्टोर करके उससे कई सारी रेसिपीज भी बनती हैं। कुछ लोग जामुन का जैम, खट्टा-मीठा जूस और चटनी आदि ब्रेड से लेकर पराठे के साथ अच्छा लगता है। हालांकि कई लोग जामुन की चटनी बनाने में संकोच करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जामुन की चटनी खाने के स्वाद को दोगुना बढ़ा सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ जामुन की चटनी की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। मेहमानों के लिए घर पर बनाएं हलवाई जैसा मक्खन वड़ा, यहां देखिए आसान रेसिपी

### सामग्री

ताजे जामुन- 250 ग्राम , गुड़- 1/2 कप

हरी मिर्च- 1-2, अदरक- 1 इंच का टुकड़ा , इमली का गूदा- 1 छोटा चम्मच, जीरा पाउडर- 1/2 चम्मच, काला नमक - स्वादानुसार, सफेद नमक - स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 चम्मच, चाट मसाला- 1/2 चम्मच, राई- 1/2 चम्मच, हींग- 1/4 चम्मच, पानी आवश्यकतानुसार

### ऐसे बनाएं जामुन की खट्टी-मीठी चटनी

सबसे पहले जामुन को अच्छे से धो लें, फिर गूदे को अलग कर लें। आप चाहें तो जमानु को हल्का सा उबालकर ठंडा कर सकती हैं। जिससे कि जामुन का गूदा आसानी से निकल जाए। अगर जामुन हल्का कच्चा या कसैला हो। ऐसे में इनको 2-3 मिनट उबालना काफी अच्छा ऑप्शन होगा। अब एक ब्लेंडर जार में जामुन का गूदा, हरी मिर्च, गुड़, इमली का गूदा, जीरा पाउडर, कद्दूकस किया हुआ अदरक, काला नमक, सफेद नमक, लाल मिर्च पाउडर और चाट मसाला डालें। फिर जार में थोड़ा सा पानी डालकर स्मूथ पेस्ट बना लें। ध्यान रखें कि इस पेस्ट को ज्यादा पतला नहीं होना चाहिए, इसलिए पानी धीरे-धीरे डालें और फिर जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करें। इसके बाद छोटे से पैन या कड़ाही में तेल गर्म करें। तेल गर्म होने पर इसमें राई डालें और चटकने दें। इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा और यह थोड़ा गाढ़ी भी हो जाएगी। इसको लगातार चलाते रहें, जिससे कि यह नीचे नहीं लगे। अब हींग डालकर थोड़ी देर भूनें और फिर जामुन की चटनी में मिला दें। आप चाहें तो तड़के वाले पैन में चटनी को डालकर 2-3 मिनट के लिए धीमी आंच पर पका सकते हैं।

# अधिक मीठा खाने से क्यों खराब हो जाती है किडनी, वरना खराब हो सकती है सेहत

*हेल्दी चीजें किडनी के कामकाज को बेहतर बनाने में सहायता करती है। वहीं अगर आपका खानपान सही नहीं है, तो इसका किडनी फंक्शन पर बुरा असर हो सकता है। अधिक मीठा खाने से किडनी पर बुरा असर होता है।*

*शरीर से वेस्ट बाहर निकालने का प्रोसेस किडनी करती है। ऐसे में हेल्दी रहने के लिए किडनी का सही तरह से फंक्शन करना जरूरी है। इसके लिए खान-पान में हेल्दी चीजों को शामिल करना चाहिए। हेल्दी चीजें किडनी के कामकाज को बेहतर बनाने में सहायता करती है। वहीं अगर आपका खानपान सही नहीं है, तो इसका किडनी फंक्शन पर बुरा असर हो सकता है। अधिक मीठा खाने से किडनी पर बुरा असर होता है। यह बात तो आपने जरूर सुनी होगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि अधिक मीठा खाने से किडनी क्यों खराब हो जाती है।*





### ज्यादा मीठा खाने से क्यों खराब हो जाती है किडनी

*हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, अधिक मीठा खाने से सिर्फ मोटापा ही नहीं बढ़ता है, बल्कि शरीर के कई जरूरी अंग और उनके फंक्शन्स पर भी असर होता है। इनमें किडनी सबसे अहम है।*

*पैंटी बन सकती है वजाइनल इंफेक्शन का कारण, जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट*

*अधिक मीठा खाने से शरीर में ग्लूकोज का लेवल बढ़ता है और यह लेवल लंबे समय तक बढ़ा रहता है। तो शरीर में इंसुलिन के बैलेंस पर भी असर होता है। वहीं यह कंडीशन आगे जाकर टाइप 2 डायबिटीज का रूप ले सकती है। डायबिटीज किडनी की सबसे बड़ी दुश्मन मानी जाती है। शरीर में अधिक समय तक शुगर बढ़ी रहने पर यह किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है।*

*किडनी का मुख्य काम शरीर से अपशिष्ट और विषैले पदार्थों को छानकर बाहन निकालना है। लेकिन जब नाजुक रक्त नलिकाएं खराब होने लगती हैं, इससे प्रोसेस पर असर होता है। अधिक मीठा खाने से किडनी के काम करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। वहीं समय रहते यदि इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो आगे चलकर यह किडनी को पूरी तरह से खराब कर सकती है। अधिक मीठा खाने से भी वेट बढ़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर पर असर पड़ता है। हाई बीपी और शुगर दोनों की किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम खानपान पर ध्यान दें और रिफाइंड शुगर का सेवन कम करना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक नियमित व्यायाम, हेल्दी लाइफस्टाइल और समय-समय पर कुछ जरूरी टेस्ट करवाने के बाद किडनी को हेल्दी रखा जा सकता है। डिस्क्लेमर- इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।*

# दूसरे दिन की शुरुआत के साथ भारत को झटका, जडेजा 20 रन बनाकर आउट

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी चौथे टेस्ट का आज दूसरा दिन है। भारत की पहली पारी जारी है। गुरुवार का खेल 264/4 के स्कोर से शुरू हुआ है। ऋषभ पंत चोटिल होकर पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। दूसरे दिन की शुरुआत झटके के साथ हुई है। भारत को पांचवां झटका जोफ्रा आर्चर ने दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा को अपना शिकार बनाया। वह 40 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। अब शार्दुल ठाकुर का साथ देने वाशिंगटन सुंदर आए हैं। दूसरे दिन का खेल शुरू हो गया है। भारत ने पहले दिन स्टंप्स के समय चार विकेट पर 264 रन बनाए थे। अब जडेजा (19) और शार्दुल (19) इस स्कोर में इजाफा करने के लिए उतरे हैं। भारत पहले से ही चोट के संकट से जूझ रहा है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी (घुटने) सीरीज से बाहर हो चुके हैं और तेज गेंदबाज आकाश दीप (ग्रोइन) और अर्शदीप सिंह (अंगूठे) चौथे टेस्ट में नहीं खेल रहे हैं। शार्दुल ठाकुर और अंशुल कंबोज को चौथे टेस्ट में मौका दिया गया। पंत ने अब तक इस सीरीज में चार मैचों में 66 की औसत से 462 रन बनाए थे। इनमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। पंत इससे पहले भी चोट की वजह से काफी समय तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उनका 2022 के दिसंबर में एक्सीडेंट हुआ था और पैर में गंभीर चोट लगी थी। उन्होंने करीब डेढ़ साल बाद आईपीएल 2024 से क्रिकेट में वापसी की थी। अब एक बार फिर वह चोटिल हो गए हैं। इंग्लैंड दौरे पर भारत को एक और बड़ा झटका लगा है। भारतीय खिलाड़ियों के चोटिल होने का दौर जारी है और अब इसमें उपकप्तान ऋषभ पंत का नाम जुड़ चुका है। पंत चोटिल होकर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बची सीरीज से बाहर हो चुके हैं। उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पैर में चोट लगी थी। इसके बाद वह काफी दर्द में दिखे थे और रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्हें स्कैन के लिए भी ले जाया गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके पैर की अंगुली टूट गई है और डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। पहले दिन जायसवाल के अलावा साई सुदर्शन ने अर्धशतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का पहला पचासा है। उन्हें भी स्टोक्स ने ही अपना शिकार बनाया। वह ब्रायडन कार्स के हाथों कैच आउट हुए। सुदर्शन ने इस दौरान 151 गेंदों में सात चौकों की मदद से 61 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर रवींद्र जडेजा 37 गेंदों में 19 और शार्दुल ठाकुर 36 गेंदों में 19 रन बनाकर मौजूद हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल जल्दी समाप्त हो गया। मैनचेस्टर टेस्ट के शुरुआती दिन पंत गंभीर रूप से चोटिल हो गए। उनके दाहिने पैर में चोट लगी, जिसकी वजह से काफी सूजन है। पंत के पैर से खून भी निकलता दिखा। मैदान से बाहर जाने के लिए उन्हें एंबुलेंस का इस्तेमाल करना पड़ा। वह खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। उल्लेखनीय है कि पंत को पिछले टेस्ट मैच में भी चोट लगी थी। उनकी अंगुली में चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग करते देखा गया था। अब उनके पैर में भी चोट लग गई है। पंत को रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने 48 गेंदों में 37 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो चौके और एक छक्का निकला। दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट गंवाए। केएल और यशस्वी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल भी आउट हो गए। उन्हें बेन स्टोक्स ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना पाए। तीसरे सत्र में ऋषभ पंत और साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने 72 रन जोड़े, लेकिन पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने भारत को पहली पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाजों पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन दूसरे सत्र में इंग्लैंड ने वापसी की और भारत को पहला झटका दिया।

## चाइना ओपन में सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

खेल एजेंसी



**चांग्झू।** विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# ली की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया, लिन ने 27 गेंद में 81 रन बनाए

खेल एजेंसी





**नॉर्थैम्पटन।** इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके दो अंक हैं। विश्व चैम्पियनशिप लीग ऑफ लीजेंड्स 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार को हुए मैचों की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज टीम को एकतरफा अंदाज में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने केवल 9.3 ओवर में ही दो विकेट पर 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। लिली ने 27 गेंद में 81 रन की तूफानी पारी खेली। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके दो अंक हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी। विलियम पर्किंस 10 रन और कप्तान गेल 15 गेंद में चार चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। फिर ड्वेन स्मिथ 20 गेंद में 22 रन और चैडविक वॉल्टन खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। लेंडल सिमंस ने 28 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 29 रन बनाए। वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। कीरोन पोलार्ड आठ गेंद में 10 रन बना सके। वहीं, ड्वेन ब्रावो ने 17 गेंद में 26 रन बनाए। एश्ले नर्स ने तीन रन बनाए। कॉटरेल छह रन और निकिता मिलर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पीटर सिडल ने तीन और नाथन कुल्टर नाइल ने दो विकेट लिए। इसके अलावा ली, स्टीव ओ कैफे और डार्सी शॉर्ट को एक-एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलियाई टीम को क्रिस लिन ने तूफानी शुरुआत दी। हालांकि, शॉन मार्श सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर लिन ने डार्सी शॉर्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी निभाई। लिन 27 गेंद में छह चौके और आठ छक्के की मदद से 81 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए।

# दिव्या देशमुख फिडे महिला विश्वकप के फाइनल में, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई किया

खेल एजेंसी



**बातुमी (जॉर्जिया)।** दूसरे सेमीफाइनल में कोनेरू हम्पी ने 75 चाल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के साथ ड्रॉ खेला। हम्पी अब छोटे प्रारूप में लेई के खिलाफ टाई-ब्रेकर खेलेंगी। अंतरराष्ट्रीय मास्टर 19 साल की दिव्या देशमुख नेफिडे महिला विश्व शतरंज कप के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन को हरा दिया और मिनी मैच 1.5-0.5 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रक्रिया में दिव्या कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट अगले साल होना है और उस टूर्नामेंट से मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। दिलचस्प बात यह है कि दिव्या पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं। चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोनर झू और तत्कालीन हमवतन ग्रैंडमास्टर डी हरिका को क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद दिव्या ने इस प्रतियोगिता में अपना दबदबा बरकरार रखा और टैन के खिलाफ 101 चाल में जीत उनके बढ़ते शतरंज कौशल का प्रमाण था। दूसरे सेमीफाइनल में कोनेरू हम्पी ने 75 चाल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के साथ ड्रॉ खेला। हम्पी अब छोटे प्रारूप में लेई के खिलाफ टाई-ब्रेकर खेलेंगी।

नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए। उनकी निरंतर प्रगति ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया और इसके साथ ही वह विदर्भ की पहली और देश की 22वीं महिला खिलाड़ी बनीं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं। दिव्या शतरंज की दुनिया में अब जाना-पहचाना नाम है। दिव्या देशमुख इस साल फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को मात दे चुकी हैं।

# बोनमाटी के गोल से स्पेन पहली बार यूरो फाइनल में

## खिताबी मैच में इंग्लैंड से सामना

खेल एजेंसी



**ज्यूरिख।** दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी'ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी'ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। बोनमाटी ने मैच के बाद कहा, मैं इस खेल में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना चाहती थी और मैं उन सभी लोगों की आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस स्तर तक पहुंचने में मदद की क्योंकि अकेले ऐसा करना संभव नहीं था।

# ढाका में एसीसी की बैठक, बीसीसीआई वर्चुअली भाग लेगा, एशिया कप के मेजबान पर होगा फैसला

खेल एजेंसी



**ढाका।** एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के संबंध में गतिरोध टूटता हुआ प्रतीत हो रहा है क्योंकि बीसीसीआई ढाका में होने वाली बैठक में वर्चुअल तौर पर भाग लेने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई ने शुरू में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का बहिष्कार किया था लेकिन अब वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेगा। एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में दूसरा देश श्रीलंका है क्योंकि भारत बांग्लादेश की यात्रा नहीं करेगा। एसीसीसी सूत्र ने बताया, %बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअल रूप से करेंगे जो एसीसी बोर्ड के नामित सदस्य हैं। एशिया कप के आयोजन स्थल पर अंतिम निर्णय लिया जाना है इसलिए बीसीसीआई ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेने का फैसला किया है।% बीसीसीआई ने अगस्त में अपने बांग्लादेश दौरे को पहले ही स्थगित कर दिया है। उसने पहले महाद्वीपीय संस्था से आयोजन स्थल बदलने का अनुरोध किया था। राजनीतिक अशांति और स्थिर सरकार के अभाव के कारण भारतीय बोर्ड पड़ोसी देश की यात्रा को लेकर संशय में है।

भारत को बड़ा झटका

# ऋषभ पंत इंग्लैंड सीरीज से हुए बाहर, ईशान किशन को टीम में किया जा सकता है शामिल

खेल एजेंसी





**मैनचेस्टर।** पहली पारी में पंत 37 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे, जब रिवर्स स्वीप के चक्कर में गेंद आकर उनके पैर पर लगी। इसके बाद वह जमीन पर ही लेट गए और काफी दर्द में दिखे। पंत के दाहिने पैर से खून रिसता हुआ देखा गया, साथ ही शरीर के उस हिस्से में काफी सूजन भी थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत को एक और बड़ा झटका लगा है। भारतीय खिलाड़ियों के चोटिल होने का दौर जारी है और अब इसमें उपकप्तान ऋषभ पंत का नाम जुड़ चुका है। पंत चोटिल होकर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बची सीरीज से बाहर हो चुके हैं। उन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पैर में चोट लगी थी। इसके बाद वह काफी दर्द में दिखे थे और रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्हें स्कैन के लिए भी ले जाया गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके पैर की अंगुली टूट गई है और डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। पहली पारी में पंत 37 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे, जब रिवर्स स्वीप के प्रयास में गेंद आकर उनके पैर पर लगी। भारतीय पारी के 68वें ओवर में क्रिस वोक्स की गेंद उनके दाहिने पैर पर लगी। इसके बाद वह जमीन पर ही लेट गए और काफी दर्द में दिखे थे। फीजियो के आने पर भी वह दर्द से कराहते दिखे थे। फिर उन्हें उठाकर ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन वह चल नहीं सके। फिर उन्हें एंबुलेंस में ले जाया गया। पंत के दाहिने पैर से खून रिसता हुआ देखा गया, साथ ही शरीर के उस हिस्से में काफी सूजन भी थी। पंत का बाहर होना बड़ा झटका है, क्योंकि वह इन फॉर्म बल्लेबाज हैं और मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में भी शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। अब वह बल्लेबाजी के लिए भी नहीं आएंगे, जिससे भारत इस टेस्ट में एक कम बल्लेबाज के साथ उतरेगा। इसका नुकसान हो सकता है। इंग्लैंड की टीम पहले ही सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो सीरीज भी हार जाएगी। वहीं, बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, %स्कैन रिपोर्ट में फ्रैक्चर दिखाया गया है और वह छह हफ्तों के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट का एलान करेगा और ईशान किशन रिप्लेसमेंट हो सकते हैं। पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल मैदान में 31 जुलाई से चार अगस्त तक खेला जाएगा। किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए दो काउंटी मैच खेले हैं और साथ ही टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेलने वाली भारत ए टीम का भी हिस्सा थे। हालांकि यह 26 वर्षीय खिलाड़ी दोनों मैचों में से किसी में भी नहीं खेला था। थिंक टैंक केएल राहुल को विकेटकीपिंग करने के लिए भी कह सकता है, लेकिन उन्होंने 2023-24 सीजन में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से यह जिम्मेदारी नहीं निभाई है। टीम के अन्य विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को चौथे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग-11 में नहीं रखा गया था।

## बस सपाट पिचों पर ही..., भारतीय बल्लेबाजों को लेकर ये क्या बोल गए मांजरेकर! पंत की चोट पर भी बोले

खेल एजेंसी

***मैनचेस्टर।*** *मांजरेकर ने कहा, मैनचेस्टर टेस्ट का पहला दिन उन लोगों के लिए करारा जवाब था जो यह मानते हैं कि यह युवा भारतीय बल्लेबाजी क्रम केवल सपाट पिचों पर या कमजोर आक्रमण के खिलाफ ही रन बनाता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने मैनचेस्टर में भारतीय बल्लेबाजी की तारीफ की है। उनका मानना है कि भारत के युवा बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन विषम परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करते साबित कर दिया कि वे केवल सपाट पिचों या कमजोर आक्रमण के खिलाफ ही रन नहीं बनाते। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 264 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58) और केएल राहुल (46) ने भारत को ठोस शुरुआत दी। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी निभाई।*

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**''बैठक में बच्चों के संरक्षण शिक्षा, स्वास्थ, बालश्रम, भिक्षावृत्ति सहित बाल विवाह आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई**

## डीएम ने जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक में बाल विवाह को रोके जाने हेतु सभी विभागों को दिए निर्देश

झांसी ■ संवददाता

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में ष्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओष, वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स आदि कार्यों की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने पुलिस विभाग,चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग,श्रम विभाग, रेलवे एवं शिक्षा विभाग के उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सज्जनता,संवेदनशीलता एवं गंभीरता से कार्य करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एजेंडा बिंदु के अनुसार अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें एवं बालसंक्षण के हित में विशेष योगदान प्रदान करें।उन्होंने बच्चों, किशोर तथा किशोरियों के हितों के संरक्षण के प्रति संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर योजनाओं से पात्र बालकों/बालिकाओं को लाभान्वित करें। जिलाधिकारी ने तहसील या ब्लॉक स्तर पर लंबित सत्यापन कार्यों को भी जल्द पूरा करने की नसीहत



दी। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्राम व ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं।जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने बैठक में सुझाव दिया कि किशोर न्याय बोर्ड के मामले जल्द निपटाए जाएं। जिला बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन व सीडब्लूसी को जनपद में बाल भिक्षावृति में लिप्त बच्चों को चिंहित करने के उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई माता-पिता या संरक्षक अपने बच्चे से भिक्षावृत्ति करवाते हुए पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। ऐसे बच्चों का नियमानुसार संरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए।जिलाधिकारी ने बाल विवाह पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुरेन्द्र पटेल ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप योजना की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना में ब्लॉक व ग्राम स्तर पर गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त बाल कल्याण समिति एवं सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के प्रकरणों की जानकारी दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में कार्ययोजना के निर्माण पर जिलाधिकारी का मार्गदर्शन भी प्राप्त किया गया।बैठक में सीडीओ श्री जुनैद अहमद, सीएमओ डा.सुधाकर पाण्डेय, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता,जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुरेन्द्र पटेल, श्री राजीव शर्मा, बीएसए,डीपीओ, डीपीआरओ, सदस्य बाल कल्याण/ समिति किशोर न्याय बोर्ड सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बीफ्र

### राष्ट्रीय लोधी महसभा के झाँसी विधानसभा अध्यक्ष बने नरेश राजपूत

झाँसी द्य राष्ट्रीय लोधी महासभा के जनपद झाँसी के जिलाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह राजपूत ने झाँसी विधानसभा अध्यक्ष एड. नरेश राजपूत को मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजकुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह लोधी की अनुशंसा पर एड. नरेश राजपूत को महासभा का झाँसी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने श्री लोधी को जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं।समाज के लिये वर्षो से कार्य कर रहे एड. नरेश राजपूत के पदभार मिलने के उपरान्त उनके शुभचिंतको में खुशी की लहर है. जिसके बाद से उनके शुभचितंक लगातार सोशल मीडिया और भेंट कर बधाई दे रहे है द्य संगठन ने उन्हें समाज के लिये ऐतिहासिक कार्य करने की नसीहत दी हैद्य नव मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष एड. नरेश ने बताया कि समाज की एक जुटता का प्रयास पहले भी चलता था और अब जिम्मेदारी भी आ गयी है जिससे चलते अब समाज के लिये दिन-रात एक करने का प्रयास किया जायेगाद्य प्रयास यह होगा की समाज एक छत के नीचे आये. उन्होने महासभा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया.बताते चले की एड. नरेश राजपूत पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा में अपना दायित्व निभा रहे थे. और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाहन कर रहे है.

### कराटे नेशनल चौम्पियनशिप में गोल्ड मैडल जीत श्रेया ने किया गौरान्वित

झांसी।शिवाजी नगर एच एन मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज की कक्षा पांच की छात्रा श्रेया तिवारी ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित आल इंडिया कराटे चौम्पियनशिप में यथार्थ कराटे अकादमी झांसी की ओर से प्रतिभाग करते हुए अपने प्रतिद्वंदी को 4-0 से पराजित कर गोल्ड मैडल हासिल कर प्रेश का मान बनाया है। श्रेया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न सिर्फ बुदेलखण्ड बल्कि समूचा प्रदेश और देश गौरान्वित है। श्रेया ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता शरद मां अमिता एवं प्रशिक्षक आनंद साहू को दिया है।आपको बताये चलें कि अब तक बुंदेलखण्ड में कराटे के क्षेत्र में सबसे कम उम्र में आल इंडिया कराटे चौम्पियनशिप में गोल्ड मैडल हासिल करने वाली श्रेया बुंदेलखण्ड प्रेस वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार शीतल तिवारी की नातिन है।

### किसान की जीवन रेखा किसान उत्पादक संगठन रू संजीव शर्म

झाँसी द्य उपनिदेशक कृषि महेन्द्र पाल सिंह (झांसी) के द्वारा समस्त एफ्पीओ की समीक्षा बैठक की गयी. इस बैठक में जनपद के समस्त एफ्पीओ का जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा की उपस्थिति में समस्त एफ्पीओ के कार्यो के गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

# कानून का दुरुपयोग - पत्नी ने एसआई पति पर कराया झूठा सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**शादी जैसे पवित्र बंधन को महिला सिपाही ने किया कलंकित**

## मनगणंत कहानी बनाकर एसआई पति और उसके दोस्त को फंसाया

झांसी ■ संवददाता

हाल ही में शादी जैसे पवित्र बंधन को कलंकित कर देने वाला एक वाक्या सामने आया है। जिसमे एक पत्नी ने सोची समझी साजिश के तहत अपने पति की क्षवि को धूमिल करने के उद्देश्य से एक मनगणंत कहानी बनाकर दुष्कर्म जैसा घिनौना कृत्य लगाकर मुकदमा दर्ज करवाया. घटना के अनुसार झाँसी में तैनात महिला कांस्टेबल ने जिले के चिरगांव थाने में तैनात दरोगा और उसके साथी के खिलाफसामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, बीडियो वायरल करने की धमकी देने का मुकदमा मथुरा के जमुनापार थाने में दर्ज कराया।पीड़िता महिला सिपाही का आरोप था की एसआई ने पीड़िता को गेस्ट हाउस के कमरे में बुलाया और जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म किया।बेहोशी की हालत में उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और फोटो खींच लिए। इसके बाद दरोगा ने ने उसे मुरादाबाद बुलाया। यहां और उसके होटल के कमरे में दरोगा और मित्र ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. इस पूरे घटना क्रम में एक नया मोड़ सामने आया जिसमे जारी




दस्तावेजों के आधार पर महिला सिपाही व एसआई ने आपसी रजामंदी से मुरादाबाद में 21 जून 2023 को 100 रुपया के स्टाम्प पर नोटरी कर प्रेम विवाह किया था. लेकिन दोनों की पोस्टिंग अलग अलग स्थानों में होने के कारण मात्र 15 दिनों के अंदर आपसी कलह होने लगी. और दोनों पक्षों ने अलग अलग जीवन व्यतीत करने का मन बना लिया. एसआई ने पूर्व में अपनी पत्नी महिला सिपाही पर कई आरोप लगाते हुए परिवार न्यायालय मुरादाबाद में नोटरी के आधार पर तलाक के लिए दायर किया था. जिसकी सूचना पोस्ट द्वारा महिला सिपाही के घर भेजी गयी थी. जिसकी पारिवारिक न्यायालय मुरादाबाद में अगली तारीख 19 अगस्त पर शादी करने वाली महिला को न्यायालय में उपस्तिथ होकर अपना पक्ष रखना था. इससे पूर्व भी महिला सिपाही ने मुरादाबाद एसएसपी के यहाँ अपने पति एसआई रविकांत के खिलाफ झूठे शिकायती पत्र दिए थे जब जांच हुई थी तो पति पत्नी का आपसी कलह का कारण सामने आया था.इस पूरे घटनाक्रम में महिला सिपाही ने सच्चाई को छुपाते हुए कानून का दुरूपयोग किया. और सोची समझी साजिश के तहत अपने ही पति व उसके दोस्त पर घिनौना कृत्य लगाकर बदनाम करने की कोई भी कसर नहीं छोड़ी. अब देखना यह की पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी कानून का दुरूपयोग करने वाली महिला सिपाही के प्रति संवेदना व्यक्त करेगा या फिर एसआई के खिलाफ लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर पुलिस विभाग में वही सम्मान प्रदान करेगा.

# 'प्रत्येक पौधा जीवन की आशा : प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज'

**'हमारा संकल्प भावी पीढ़ी को हरियाली और स्वच्छ वायु प्रदान करना'**

## 'भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से लगाए गए 500 पौधे' 'महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न'

झांसी ■ संवददाता

आज डॉ. मयंक सिंह, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण अभियान के तहत ष्विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रमष् का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी में किया गया।इस दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. मयंक सिंह ने कहा कि ÷हर एक पौधा जीवन की आशा है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल कॉलेज परिसर को सुंदर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी को



हरियाली और स्वच्छ वायु प्रदान करना भी है।÷ वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक (ठप्) के प्रयोजन से कुल 500 पौधे लगाए गए जो कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। यह वृक्षारोपण अभियान एसबीआई की सामाजिक सहभागिता की मिसाल बना और मेडिकल कॉलेज के लिए एक यादगार पर्यावरणीय पहल के रूप में दर्ज हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अब्बू हसन अंसारी ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, ÷एसबीआई हमेशा से सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को महत्व देता रहा है। यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक और कदम है।÷ उन्होंने कहा कि आज के इस वृक्षारोपण अभियान में पीपल, बरगद, कदंब, अमरूद, आँवला, शीशम, आम, कटहल आदि जैसे विविध प्रकार के वृक्षों के पौधे लगाए गए। यह प्रयास न केवल परिसर को हरित बनाने की दिशा में है, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने की सोच को भी प्रतिबिंबित करता है।वृक्षारोपण कार्यक्रम में पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. अंशुल जैन, भारतीय स्टेट बैंक झाँसी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अब्बू हसन अंसारी, झाँसी मॉड्यूल के सहायक महाप्रबंधक (डिपॉजिट्स एवं वैल्यू एडेड सर्विसेज) श्री अजय दीक्षित तथा एसबीआई मेडिकल कॉलेज शाखा के शाखा प्रबंधक श्री प्रखर कंचन मौजूद रहे।

# सड़क मैं गहरे गड्ढे होने से परेशान होकर मोहल्ले के लोगों ने दिया ज्ञापन



झांसी ■ संवददाता

झांसी। हंसारी कुमार टोली वार्ड नंबर 1 क्षेत्र के लोगों सड़क से परेशान है वहां निकलने मैं लोगों को बहुत दिक्कत होती है सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे हैं जिसमें बरसात के मौसम में पानी भर जाता है और आने जाने वाले लोगों को और स्कूल जाने वाले बच्चों को बहुत दिक्कत होती है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि जबसे वहां पाइपलाइन डली है रोड को खराब को खोद कर ऐसे ही छोड़ दिया और न ही बहा पाइपलाइन डली तब से यह रोड खुदी हुई है और गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं वार्ड के पार्षद महेंद्र ग्वाल को कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन वह बात डाल देते हैं। पार्षद कहता है करा देंगे लेकिन कई महीने बीत चुके अभी तक सड़क का कोई काम नहीं हुआ। आज सारे मोहल्ले के लोगों ने इकट्ठा होकर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार की जा रही छापामार कार्यवाही

**''बरुआसागर में थोक व्यापारी दयाराम बृजेश जैन खोया भण्डार प्रतिष्ठान पर एफ्डीए का छापा**

## अनहाईजिन कंडीशन में रखे लगभग 01लाख का 05 क्विंटल बदबूदार खोया को किया नष्ट

झांसी ■ संवददाता

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी के निर्देशन पर जनपद झांसी के विभिन्न स्थानों पर चलाये जा रहे ष्जागरूकता अभियान एवं एफ0डी0ए0 आपके द्वारष् के क्रम में विभिन्न स्थानों पर फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा उपभोक्ताओं के खाद्य पदार्थों की जाँच नगर सहित तहसील सहित विकासखंड में एफ0डी0ए0 टीम द्वारा की गई।श्री पवन कुमार आयुक्त खाद्य/ अभिहित अधिकारी झांसी ने जनपद में खाद्य पदार्थों की जांच हेतु चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि टीम द्वारा प्राप्त जाँच रिपोर्ट के आधार पर विशेष अभियान चलाकर आमजन मानस को सुरक्षित एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन की टीम द्वारा दयाराम बृजेश जैन खोया भंडार बरुआसागर झांसी के प्रतिष्ठान का




निरीक्षण किया गया, प्रतिष्ठान से तीन खोया नमूने, एक मिल्क केक का नमूना एवं एक रंगीन बूंदी के नमूने संग्रहित किए गए और बहुत ही अनहाइजीन कंडीशन में रखे गए लगभग 05 कुंटल बदबूदार खोया (मूल्य लगभग 01 लाख रूपये) को नष्ट कराया गया। साथ ही उक्त खोया प्रतिष्ठान खाद्य पंजीकरण पर संचालित हो रहा था जिसे तत्काल खाद्य लाइसेंस में परिवर्तित करने हेतु निर्देशित किया गया एवं साफ-सफाई के साथ ही मावा भंडारण हेतु निर्देशित किया गया अन्यथा की दशा में विधिक कार्रवाई करने हेतु सचेत किया गया।इसके पश्चात टीम द्वारा फ्ल -सब्जी मंडी पहुंज नदी नंदनपुरा शिवपुरी रोड झांसी में फूड सेफ्टी मोबाइल वैन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें लगभग 50 खाद्य कार्यकर्ताओं को एवं लगभग 600 आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य सामग्री के प्रति जागरूक किया गया एवं फ्ल एवं सब्जी मंडी में कटे-फ्टे एवं गले हुए फ्ल-सब्जियों को मौके पर नष्ट कराया गया। मौके पर सभी फ्ल एवं सब्जी बेचने वालों को साफ-सुथरे फ्ल-सब्जी बेचने हेतु जागरूक किया गया।उक्त कार्यवाही के दौरान मौके पर सभी फूड वेंडर्स को फूड पंजीकरण कराने हेतु भी निर्देशित करते हुए अवगत कराया गया कि कल दिनांक 25 जुलाई 2025 को फ्ल-सब्जी मंडी पहुंज नदी, नंदनपुरा में एक कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी फूड वेंडर्स के खाद्य पंजीकरण मौके पर ही जारी किए जाएंगे, इसके लिए सभी वेंडर्स अपना आधार कार्ड के साथ अपने ठेले पर उपस्थित रहे।पहुँज नदी शिवपुरी रोड पर फूड सेफ्टी मोबाइल वैन के माध्यम से सहायक आयुक्त खाद्य/ अभिहित अधिकारी श्री पवन कुमार प्रचार प्रसार करते हुए आम जन मानस को बताया कि पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के उपयोग से पहले बेस्ट बिफोर अवश्य देखें, खुले में रखे खाद्य पदार्थों तथा देर से रखें खाद्य पदार्थों को ना खाने की भी जानकारी व्यापारियों तथा आम जनमानस को दी गई।सहायक आयुक्त खाद्य श्री पवन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी खाद्य व्यवसायी द्वारा खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

# चुनावी मीडिया प्रबंधन, मीडिया छात्रों के लिए अवसर- प्रो मुन्ना तिवारी

**आगामी चुनाव में इंटर्न के रूप में कार्य करने का मिलेगा अवसर**

## डिजिटल युग में चुनावी रणनीति की बारीकियों पर मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान द्वारा आयोजित ष्राजनीतिक प्रबंधन, सोशल मीडिया एवं अभियान प्रबंधन योजनाष् विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का आज सफ्ल समापन हुआ।समापन सत्र की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मुन्ना तिवारी ने की। उन्होंने संस्थान द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, ष्भास्कर संस्थान ने इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान डिजिटल राजनीति की गहराइयों से परिचित कराया है। यह पहल विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण



है।प्रो. तिवारी ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को प्राप्त श्नैक ए प्लसप्लसश् ग्रेड और कैटेगरी-एक विश्वविद्यालय के रूप में हालिया उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान और संकायों की इसी प्रकार की सक्रियता विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा-पत्र भी प्रदान किए।समापन दिवस के मुख्य वक्ता सुमित नायक, सीईओ, अरुणा पॉलिटिक्स और सह-संस्थापक, पीपल कनेक्ट टेक्नोलॉजीज ने चुनावी प्रबंधन से जुड़ी फार्म-20 के विश्लेषण, आंकड़ों की प्रस्तुति, ग्राफ्क्सि निर्माण एवं डिजिटल माध्यमों से मतदाता संवाद जैसे विषयों पर गहन व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एक सफ्ल चुनावी अभियान के लिए आंकड़ों की व्याख्या और उनका प्रस्तुतिकरण उतना ही महत्वपूर्ण है जितना प्रचार।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्थापक संपादक धुप दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949